एजेंसी देना हैं
दैनिक जनसेवा समाचार
की मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में सभी जिलों एवं तहसील में एजेंसी देना हैं इच्छुक व्यक्ति शीघ्र संपर्क करे

दैनिक
# जनसेवा समाचार
MPHIN/2013/53952

आवश्यकता हैं
दैनिक जनसेवा समाचार
को मेहनती और शिक्षित युवकों की जो आवश्यकता हैं जो विज्ञापन लाने का कार्य कर सके।

वर्ष-20 | अंक-127 | प्रात :कालीन हिन्दी दैनिक | भोपाल, सोमवार 19 मई 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपये

## ज्योति को एक एसेट की तरह विकसित कर रहा था पाक : एसपी

# पहलगाम हमले के दौरान पाक खुफिया एजेंसी के संपर्क में थी ज्योति, चौथी बार पाकिस्तान जाने के लिए अप्लाई किया था वीजा

भोपाल (नगर संवाददाता)

पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़ी गई हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा पहलगाम में हुए हमले और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वह पाक खुफिया एजेंसी के अधिकारियों के संपर्क में थी। यह खुलासा करते हुए एसपी शशांक कुमार सावन ने बताया कि पाकिस्तान ज्योति को एक एसेट की तरह विकसित कर रहा था। पहलगाम में जब आतंकी हमला हुआ था तब ज्योति पाकिस्तान के हाई कमीशन दानिश के संपर्क में थी। उसके मोबाइल और लैपटॉप की जांच की जा रही है। इसके अलावा ज्योति स्पॉन्सर्ड ट्रिप पर पाकिस्तान जाती थी। वह पहलगाम हमले से पहले पाकिस्तान में थी। इसके अलावा आरोपित की तरफ से क्या जानकारियां शेयर की है, इस बारे में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। शुरुआती पूछताछ में सामने आ रहा है कि ज्योति के साथ कुछ और लोग भी शामिल थे, उनके बारे में भी पता लगाया जा रहा है। बता दें कि पुलिस ने शनिवार को ट्रैवल विद जो के नाम से यू-ट्यूब चैनल चलाने वाली न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन कॉलोनी निवासी ज्योति मल्होत्रा को पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था और अदालत में पेश कर आरोपित ज्योति से पूछताछ के लिए 5 दिन के रिमांड पर लिया हुआ है।

### आय से अधिक करती थी खर्च

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभी तक जांच में सामने आया है कि ज्योति मल्होत्रा की यात्रा के दौरान वह अपनी आय से अधिक खर्चे करती थी। जांच टीम यह पता लगा रही है कि आखिर इनकम से ज्यादा पैसा खर्च करने के लिए उसके पास कहां से आते थे। साइबर सैल और इकनॉमिक सैल यू-ट्यूबर ज्योति के बैंक खातों की डिटेल खंगाल रही हैं। जांच टीम उसके लैपटॉप तथा मोबाइल को भी खंगालने में जुटी है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस ज्योति मल्होत्रा के परिवार के अन्य सदस्यों की भी बैंक डिटेल खंगाल रही है।



### 6 मार्च को वीजा लगवाने गई थी दिल्ली

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित ज्योति तीन बार पाकिस्तान जा चुकी हैं। वह चौथी बार पाकिस्तान जाना चाहती थी। आरोपित 6 मार्च को वीजा लगवाने के लिए दिल्ली गई थी और पाकिस्तान उच्चायोग में वीजा के लिए अप्लाई भी कर दिया था। लेकिन वीजा नहीं लगा।

### कई संदिग्ध मोबाइल नंबर भी मिले

पूछताछ में पुलिस को कई संदिग्ध मोबाइल नंबर भी मिले हैं। जिन नंबरों पर ज्योति की बातचीत और चैट होती थी। जांच में यह भी सामने आया है कि यू-ट्यूबर पहलगाम में हुए हमले से पहले कश्मीर में गई थी और वहां का वीडियो भी उसने इंटरनेट पर अपलोड किया था। पहलगाम में हुए हमले से पहले कश्मीर जाने को लेकर ज्योति की क्या मंशा रही होगी, इसका भी पता जांच टीम लगाने में जुटी है। पूछताछ में सामने आया कि ज्योति के भारत से निकाले गए पाकिस्तानी अफसर दानिश से संबंध थे। दानिश को ऑपरेशन सिंदूर के बाद अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया था।

### जासूसी के शक में एचएसजीएमसी मुलाजिम को कुरुक्षेत्र में पकड़ा




**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र से पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के शक में एसटीएफ ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मुलाजिम को हिरासत में लिया है। हालांकि 24 घंटे की पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। सीसीटीवी में सादी वर्दी में आए पुलिस कर्मी एक युवक को साथ ले जाते दिखाई दे रहे है। सूत्रों के मुताबिक, हरकीरत सिंह को रात करीब साढ़े 8 बजे हिसार एसटीएफ ने काबू किया। हरकीरत सिंह हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के आईटी विंग का कार्य देखता है व यात्रा विभाग का सुपरवाइजर भी है। हरकीरत के पिता सुखबीर सिंह ने बताया कि शनिवार रात हरकीरत श्याम कॉलोनी में गया था। इस दौरान 6 लोग आए, जिन्होंने हरकीरत से हाथ मिलाया और उसे अपने साथ ले गए।

### नूंह : गिरफ्तार युवक के खिलाफ मिले पुख्ता सबूत

**नूंह।** सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पाक की जासूसी के आरोप में पकड़े गए नूंह जिले के नगीना क्षेत्र के अंतर्गत गांव राजाका से 23 वर्षीय अरमान पुत्र जमील के खिलाफ पुलिस को पुख्ता सबूत मिले हैं, जिन्हें कब्जे में लेने के बाद आरोपी को फिरोजपुर झिरका में अदालत में पेश कर 6 दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी से फिलहाल अलग अलग एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं। आरोप है कि, उसने पाकिस्तानी एजेंट को भारतीय सिम काड्र्स मुहैया कराए। उसने 2025 में डिफेंस एक्सपो की साइट तक का दौरा पाकिस्तानी एजेंट्स के निर्देश पर किया। सरकार और एजेंसियां अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय संदिग्ध तत्वों की निगरानी और जांच को और तेज करने की योजना बना रही हैं।

## सार समाचार

### आईपीएल में आज



लखनऊ सुपर जॉएंट्स वि. हैदराबाद सनराईजर्स

समय : 7 :30, स्थान : लखनऊ

परिणाम : पंजाब 10 रन से जीता

परिणाम : गुजरात 10 विकेट से जीता

### माउंट एवरेस्ट पर सफल आरोहण

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनकी अभियान टीम ने 18 मई को माउंट एवरेस्ट (8,848 मीटर) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की। इस टीम में 10 एनसीसी कैडेट्स (पांच लड़के और पांच लड़कियां) शामिल थे। इसके साथ चार अधिकारी, दो जूनियर कमीशन अधिकारी, एक महिला कैडेट प्रशिक्षक और 10 गैर-कमीशन अधिकारी भी थे।

### सोलापुर में फैक्ट्री में आग लगने से 8 की मौत

**मुंबई।** सोलापुर जिले में अक्कलकोट रोड एमआईडीसी क्षेत्र में स्थित सेंट्रल टेक्सटाइल्स तौलिया कारखाने में आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई। इस घटना में आग बुझाते समय दो फायर ब्रिगेड कर्मी भी घायल हो गए, दोनों का इलाज सरकारी अस्पताल में जारी है। इस घटना की छानबीन अक्कलकोट पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है।

### हैदराबाद को दहलाने की कोशिश नाकाम

**हैदराबाद।** पुलिस ने हैदराबाद को दहलाने की आईएसआईएस की योजना का भंडाफोड़ कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि सऊदी अरब से आईएसआईएस मॉड्यूल ने इन लोगों को निर्देश दिए थे। पुलिस इन दोनों से पूछताछ कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आतंकी गतिविधि में शामिल कुछ स्लीपर सेल के सदस्य हैदराबाद शहर में धमाके करने की योजना बना रहे हैं।

### भारत विरोधी पोस्ट के आरोप में दो गिरफ्तार

**शिलांग।** सोशल मीडिया पर भारत विरोधी सामग्री पोस्ट करने के आरोप में मेघालय पुलिस ने दो पाकिस्तान प्रेमियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये दोनों उत्तर गारो पहाड़ जिले के निवासी हैं। जिला प्रशासन द्वारा 15 मई को दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। शनिवार को उत्तर गारो पहाड़ जिले के बाझेंगडोबा थाना अंतर्गत दो गांवों में छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया गया।

## भोपाल के प्रमुख प्रवेश मार्गों पर बनेंगे 9 द्वार

# राजा भोज के गौरवशाली इतिहास को पाठ्यक्रम में शामिल किया: मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्तमान और भावी पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ना और उन्हें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक चेतना को जानने का सजीव अवसर प्रदान करना आवश्यक है। प्रदेश के नगरों के मुख्य प्रवेश मार्गों पर महापुरूषों की स्मृति में बन रहे सांस्कृतिक द्वार इस दिशा में प्रभावी भूमिका निभाएंगे। गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी के उज्जवल भविष्य निर्माण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। राजा भोज सहित अन्य महापुरूषों के गौरवशाली इतिहास को पाठ्यक्रमों में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री यादव भोपाल में नर्मदापुरम मार्ग पर समरधा में निर्मित होने वाले भोज-नर्मदा द्वार के भूमि-पूजन अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल नगर निगम द्वारा नीमच में स्थापित 10 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र का इस कार्यक्रम से वर्च्युअल लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, खेल युवक कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, भोपाल महापौर मालती राय, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा और विधायक भगवान दास सबनानी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संग्रहालय दिवस पर राज्य संग्रहालय में इमर्सिव एक्सपीरियंस सेंटर का लोकार्पण किया।

- राजधानी भोपाल प्रदेश की आंचलिक संस्कृति और इतिहास को मिलेगी अभिव्यक्ति
- भोपाल नगर निगम ने नीमच में स्थापित किया 10 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र
- मुख्यमंत्री ने नर्मदापुरम मार्ग पर भोज-नर्मदा द्वार का किया भूमि पूजन

### 9 द्वारों पर उकेरा जाएगा प्रदेश का इतिहास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल प्रदेश की राजधानी है। यहां प्रदेश के विभिन्न अंचलों की संस्कृति और इतिहास को अभिव्यक्ती प्रदान की जाएगी। भोपाल के प्रमुख प्रवेश मार्गों पर निर्मित होने वाले 9 द्वारों पर माँ नर्मदा के तट पर विद्यमान प्रमुख तीर्थों सहित सभी महत्वपूर्ण ऐतिहासिक, सांस्कृतिक संदर्भ उकेरे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्थर शिल्प के जरिए हमारा इतिहास भावी पीढ़ी समझे इसी उद्देश्य से यह गेट बनाए जा रहे है। उज्जैन में निर्मित महामृत्युंजय द्वार, विभिन्न काल में उज्जैन के इतिहास और प्रमुख घटनाओं को अभिव्यक्त करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजा भोज की प्रतिभा, योग्यता और पराक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पाकिस्तान के विरूद्ध ऑपरेशन सिंदूर में भारत की जीत, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व क्षमता और भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम का प्रत्यक्ष प्रमाण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहन कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने विश्व के सामने ऑपरेशन सिंदूर में आंतकियों के विरूद्ध की गई कार्रवाई को सशक्त रूप से प्रस्तुत कर नारी शक्ति के सामर्थ्य का प्रकटीकरण किया है।

### हम आत्मनिर्भर नगर निगम व नगर पालिका के सपने को साकार करेंगे

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेतृत्व में हम आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के साथ-साथ आत्मनिर्भर नगर निगम व नगर पालिका के सपने को साकार करने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। भोपाल नगर निगम द्वार नीमच में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करना, आत्मनिर्भता की ओर एक प्रभावी कदम है। भोपाल महापौर मालती राय ने बताया कि 5 करोड़ रुपए की लागत से भोज-नर्मदा द्वार का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि भोपाल नगर निगम द्वारा नीमच में स्थापित किए जा रहे सोलर पैनल से उत्पादित बिजली का उपयोग भोपाल की जल प्रदाय व्यवस्था के संचालन में किया जाएगा। कार्यक्रम को विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी संबोधित किया।

## हादसे में दो परिवारों के लोग शामिल

# हैदराबाद की गुलजार हाउस इमारत में लगी आग, 17 लोगों की मौत

एजेंसी, हैदराबाद

हैदराबाद शहर स्थित चारमीनार इलाके में मिरचौक क्षेत्र के गुलज़ार हाउस में भीषण आग लग गई। घटना में 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से झुलस गए हैं। मरने वालों में महिला और बच्चे भी शामिल हैं। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है। दमकल की गाड़ियां इमारत में फंसे कुछ अन्य लोगों को बचाने की कोशिश कर रही हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बेहतर इलाज के लिए पूरे प्रयास करेगी। पुलिस के अनुसार आग चारमिनार इलाके में गुलजार हाउस के पास एक बिल्डिंग में रविवार को करीब सुबह 6 बजे लगी । घटना में झुलसने घटनास्थल पर ही आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि लोगों के इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया। आग बिल्डिंग की पहली मंजिल पर लगी, जिसने बाद में विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। हालांकि आशंका है कि इमारत में लगे एसी में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी। घटना स्थल पर केंद्र मंत्री किशन रेड्डी, राज्यमंत्री प्रभाकर और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पहुंच गए। मौके पर फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं। फायर ब्रिगेड के मुताबिक काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया है। मृतकों की पहचान अभिषेक मोदी, आरूषी जैन, शीतल जैन, सुमित्रा जैन, प्रथम मोदी, राजेंद्र कुमार, हर्षाली गुप्ता, मुन्नीबाई, प्रियाणी और इराज के रूप में हुई है। अभी अन्य मृतकों के शवों की पहचान कराई जा रही है। गंभीर रूप से झुलसे लोगों को हैदराबाद के यशोदा हॉस्पिटल, डीआरडीओ हॉस्पिटल और उस्मानिया हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। हादसे के शिकार लोग ज्वेलर्स के जुड़े व्यापारिक प्रतिष्ठान से संबंधित दो परिवारों के लोग हैं। दमकल कर्मियों के मुताबिक अभी भी इस इमारत में चार परिवारों के दर्जनों लोग फंसे हैं। अब तक जिन लोगों को बाहर निकाला गया है, उनमें तीन बच्चों सहित 14 लोग शामिल है। यह सभी बुरी तरह झुलसे हुए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक इस इमारत में 30 से अधिक लोग रह रहे थे, इनमें ज्यादातर किराएदार थे।



### हैदराबाद हादसे पर प्रधानमंत्री ने दुख जताते हुए आर्थिक मदद की घोषणा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद में आग लगने की घटना में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रत्येक मृतक के निकट संबंधी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये तथा घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट किया, ''तेलंगाना के हैदराबाद में आग लगने की घटना में लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ है। प्रत्येक मृतक के निकट संबंधी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

## आतंकी सैफुल्लाह ने रामपुर सीआरपीएफ कैंप पर करवाया था हमला, संघ मुख्यालय था निशाने पर

# लश्कर आतंकी को अज्ञात ने पाकिस्तान में ढेर किया

एजेंसी, लाहौर



पाकिस्तान में लश्कर के शीर्ष आतंकी को अज्ञात हमलावरों ने ढेर कर दिया। आतंकी की पहचान सैफुल्लाह खालिद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह भारत में तीन आतंकी हमलों में शामिल था और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के मतली बदीन से काम कर रहा था। उसने नेपाल में भी अपना बेस बनाकर रखा था। वर्ष 2006 में महाराष्ट्र के नागपुर में संघ मुख्यालय पर हमला करने की साजिश रची थी। आतंकी कार से आए थे और पुलिस की वर्दी पहने हुए थे। वे अपने नापाक मंसूबों में सफल होते उससे पहले महाराष्ट्र पुलिस ने उन्हें ढेर कर दिया। आतंकियों के पास से हैंड ग्रेनेड, आरडीएक्स और एके-56 रायफल मिली थी। सैफुल्लाह ने उत्तर प्रदेश के रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हमला कराया था। वर्ष 2005 में बेंगलुरु में हमला कराया था। भारतीय विज्ञान संस्थान के ऑडिटोरियम से बाहर निकलते समय भीड़ पर आतंकियों ने फायरिंग की थी। इस हमले में एक प्रोफेसर की मौत हो गई थी। सैफुल्लाह नेपाल में लश्कर के मॉड्यूल पर काम कर रहा था। वह नेपाल में विनोद कुमार के नाम से काम करता था। उसने नेपाली महिला नगमा बानू से शादी की थी। सैफुल्लाह भारत में आतंकियों की घुसपैठ और आर्थिक मदद जुटाने जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम दे रहा था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सैफुल्लाह लश्कर के ऑपरेशनल कमांडर आजम चीमा उर्फ बाबाजी का सहयोगी था।

### लश्कर आतंकी अबू कताल मार्च में मारा गया था

इससे पहले लश्कर-ए-तैयबा का मोस्ट वांटेड आतंकी अबू कताल 15 मार्च की रात पाकिस्तान में मारा गया था। पंजाब राज्य में अनजान हमलावरों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। अबू कताल 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का करीबी था। कताल लश्कर-ए-तैयबा का अहम सदस्य था और जम्मू-कश्मीर में कई हमलों की साजिश रचने के लिए जाना जाता था। पिछले साल 9 जून को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शिवखोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हमले में भी कताल का हाथ था। इसमें 10 लोगों की जान गई थी।

## भोपाल, विदिशा और मऊगंज में हुए हादसे, रविवार को पिकनिक के लिए जाना हुआ जानलेवा

# जल बना काल: नदी, डैम और तालाब में डूबने से 7 की मौत

विशेष संवाददाता, भोपाल

तेज गर्मी से राहत पाने के लिए नदी, डेम, तालाब जैसे जल स्रोतों के पास जाना जानलेवा साबित हुआ। चौबीस घंटों में पानी में डूबने के कारण 7 लोगों की जान चली गई। मऊगंज में हुए हादसे में नदी में नहाने गए तीन भाइयों की डूबने के कारण मौत हो गई तो विदिशा के हलाली डेम में भोपाल के दो युवक डूब गए। इधर राजधानी भोपाल में भी काराबोरी व छात्र की बड़े ताला में डूबने से मौत हो गई। पुलिस सभी मामलों की जांच की रही है। मिली जानकारी के अनुसार मऊगंज जिले में दो सगे भाई अमन तिवारी (18), अभय तिवारी (17) अपने ममेरे भाई अभिषेक मिश्रा (24) के साथ निहाई नदी में नहाने के लिए गए थे। जहां अभिषेक गहरे पानी में चला गया। उसे बचाने के लिए अमन और अभय भी पहुंचे। लेकिन गहराई का अंदाजा नहीं होने से वे भी डूब गए। तीनों युवकों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी। कड़ी मशक्कत के बाद शव बाहर निकाले जा सके।

### मऊगंज में मरने वाले तीनों भाई थे



अभिषेक मिश्रा



अभय तिवारी



अमन तिवारी

### हलाली डैम में डूबे भोपाल के दो युवक

विदिशा के हलाली डैम में रविवार को भोपाल के दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। मृतक युवकों की पहचान फिरोज खान (23) और शहजाद खान (33) के रूप में हुई है। दोनों अपने दोस्तों के साथ छुट्टी का दिन बिताने हलाली डैम आए थे। बर्तन साफ करते वक्त वे डैम के किनारे से फिसलकर गहरे पानी में चले गए। घटना की सूचना मिलते ही एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद दोनों के शव पानी से निकाले गए। पुलिस सभी मामलों की जांच की रही है।

### भोपाल में कारोबारी व छात्र की डूबने से मौत

भोपाल की शीतलदास की बगिया में डूबने से बाइक पार्टस कारोबारी राजेश जैन (51) की मौत हो गई। हादसा रविवार की सुबह साढ़े नौ बजे का है। गोताखोरों की मदद से शव को करीब 11 बजे तलाशा जा सका। राजधानी के केरवा डैम में डूबने से आईटीआई छात्र अमन विश्वकर्मा (18) की मौत हो गई। युवक दोस्तों के साथ पार्टी करने गया था, तब हादसा हुआ। उसे तैरना नहीं आता था। इसके बाद भी उसने गहरे पानी में छलांग लगा दी। दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन उसकी जान नहीं बचा सके। क्योंकि किसी को भी तैरना नहीं आता था। देखें पेज-5

# संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए 17 सांसद और 2 समितियां चयनित

एजेंसी, नई दिल्ली

संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा के 17 सांसदों और दो संसदीय समितियों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना है। पुरस्कारों के लिए चयन राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर की अध्यक्षता में बनी समिति ने किया है। साल 2010 में संसद रत्न पुरस्कार शुरू किए गए थे। इसका विचार पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने दिया था और उन्होंने मई 2010 में चेन्नई में आयोजित पहले समारोह का उद्घाटन किया था। पुरस्कार प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन और ई-मैगजीन प्रेसेन्स की पहल पर दिए जाते हैं। हंसराज गंगाराम अहीर इस पुरस्कार के पहले प्राप्तकर्ता थे। प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार यह पुरस्कार समारोह जुलाई 2025 के अंतिम सप्ताह में नई दिल्ली में आयोजित होगा। इस बार चार सांसदों को विशेष पुरस्कार मिलेंगे, जिन्हें "संसदीय लोकतंत्र में निरंतर और उत्कृष्ट योगदान" के लिए चुना गया है।

# आईएसआई के निमंत्रण पर गौरव गोगोई पाकिस्तान गए थे : हिमंता

एजेंसी, गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्व सरमा ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई को लेकर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए दावा किया कि गोगोई पाकिस्तान सरकार के गृह मंत्रालय और वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई के निमंत्रण पर पाकिस्तान गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा, "गौरव गोगोई को पाकिस्तान सरकार के गृह विभाग की ओर से निमंत्रण दिया गया था। उन्होंने यह निमंत्रण स्वीकार कर पाकिस्तान की यात्रा की थी। इस संबंध में सभी दस्तावेज और तथ्य सामने लाए जाएंगे। यदि गौरव गोगोई सांस्कृतिक मंत्रालय या विदेश मंत्रालय के आमंत्रण पर गए होते तो भी बात अलग होती।" सरमा ने कांग्रेस पर विदेशी एजेंसियों से संबंध रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो नेता देश विरोधी तत्वों से संबंध रखते हैं, उन्हें जनता पहचान चुकी है। उन्होंने कहा, "गोगोई और पाकिस्तान की एजेंसी के बीच जो भी संबंध हैं, यह केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है।"

## संक्षिप्त समाचार

### गोपाल दास मंदिर में हुआ हनुमान चालीसा पाठ



**सीधी।** श्री गुरु बजरंग संघ के तत्वाधान में भारत हिंदू राष्ट्र एवं रविवार गुरुकुल की स्थापना राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीय शनिवार सामूहिक हनुमान चालीसा अभियान प्रत्येक शनिवार सुबह 9:00 बजे एक दिन एक समय एक साथ की विश्व व्यापी सफलता हेतु श्री गुरु बजरंग संघ की ओर से श्री श्री 1008 श्री स्वामी श्री गोपाल दास जी महाराज आश्रम दक्षिण मुखी हनुमान जी में हनुमान चालीसा का पाठ हुआ जहां यज्ञकर्त संत श्री राजेश्वर दास महाराज, श्री गुरु बजरंग संघ के नगर उपाध्यक्ष एवं चालीसा प्रभारी राजेश सिंह गहरवार, रश्मि रमेश गुप्ता, दीपक सिंह बघेल,सत्य प्रसाद नामदेव, अतुल पांडे, चमेली मिश्रा, महेंद्र सराफ आदि हनुमान चालीसा पाठ में सहभागिता निभाएं।

### राशन सामग्री प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को 31 मई तक करानी होगी ई-केवाईसी

**बैढ़न।** शासन द्वारा निःशुल्क राशन के लिए ई-केवाईसी कराया जाना अनिवार्य कर दिया है। जिले में ई-केवाईसी नहीं होने पर हितग्राही निःशुल्क राशन से वंचित हो सकते हैं। ई-केवाईसी में बुजुर्गों और 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के फिंगर प्रिंट मिलान में समस्या आ रही थी जिसके कारण उनका बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं हो पा रहा था। इस समस्या के निराकरण के लिए शासन द्वारा मोबाइल एप तैयार किया गया है जो चेहरे कोए स्क्रीन कर ई-केवाईसी अपडेशन करेगी। कोई भी हितग्राही खुद भी इस ऐप को डाउनलोड कर अपडेशन कर सकता है। जिला आपूर्ति अधिकारी सिंगरौली ने जिले के सभी निःशुल्क राशन प्राप्त कर रहे हितग्राहियों से अनुरोध किया है कि 31मई तक अपना ई-केवाईसी सत्यापन अनिवार्य रूप से कराएं।

### प्रिया त्रिपाठी बनीं सिहावल एसडीएम

**सीधी।** विवादों से घिरे रहे सिहावल एसडीएम एसपी मिश्रा को अंततः काफी शिकायतों के बाद हटाना पड़ा। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा



15 मई को आदेश जारी कर एसपी मिश्रा एसडीएम सिहावल को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय सीधी में वापस लिया गया है जबकि डिप्टी कलेक्टर प्रिया पाठक को एसडीएम सिहावल के लिए नियुक्त किया गया। इसके पहले वे कुसमी में एसडीएम के रूप में पदस्थ रहीं। मालूम हो कि एसडीएम सिहावल में पदस्थ रहे एसपी मिश्रा के खिलाफ काफी शिकायतें थी। वह बिना रिश्वत के कोई काम नहीं करते थे। सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक भी उनसे नाराज थे। उनकी कार्यशैली यह रही कि वह सिहावल एसडीएम बतौर फाइलें तभी खोलते थे जहां उनके जेब में पैसे की गड्डी पहुंचती थी। दो दिन बहरी तहसील में भी एसडीएम कोर्ट रहता है यहां भी उनका यही रवैया रहा है। आखिरकार उन्हें दोबारा एसडीएम भी नहीं बनाया गया। अब तेज-तर्राट सुश्री प्रिया पाठक एसडीएम सिहावल बनी हैं। लोगों को उम्मीद है कि वह जनता के हितों को लेकर निष्पक्ष रूप से कार्य करेंगी।

# सरकार पंचायतों को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने की दिशा में कर रही कार्य : प्रहलाद

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री जल गंगा संवर्धन अभियान तथा पंच सरपंच सम्मेलन में हुए शामिल

सीधी ( नि.प्र. )



जल गंगा संवर्धन अभियान तथा पंच सरपंच सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि सरकार पंचायतों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। सभी ग्राम पंचायतें अपने विकास की योजना बनाएं उन्हें पूरा करने सरकार उनके साथ खड़ी है। सरकार द्वारा राज्य वित्त, 15वें वित्त सहित अन्य स्त्रोतो से पंचायतों को विकास के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। पंचायतों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनने के लिए अपने आय के संसाधन भी बनाने होंगे। पंचायत मंत्री ने कहा कि पंचायतों को अधिकार सम्पन्न बनाया जा रहा है। सरपंचों को 25 लाख रूपये तक वित्तीय अधिकार दिये गये हैं। इसी प्रकार अधोसंरचना विकास के लिए भी पंचायतों को धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। क्लस्टर स्तरीय पंचायतों में 45.50 लाख रूपये तथा अन्य पंचायतो में 37.50 लाख रूपये से पंचायत भवन बनाये जा रहे हैं। सभी ग्राम पंचायतों में क्रमबद्ध तरीके से सामुदायिक भवन बनाये जायेगे। पंचायतों के प्रतिनिधियों को अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यो के प्रति भी सजग रहना होगा। जन हितैषी योजनाओं का लाभ लोगों को सहजता से दिलाना होगा। पंचायतों के विकास के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को आगे आना होगा। पंचायत मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में ग्राम पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमारा प्रदेश नदियों का मायका है। प्रकृति की इस देन को अपनी भावी पीढ़ी के लिए सहेजना हमारी जिम्मेदारी है। पंचायत मंत्री ने कहा कि बड़ी नदियों का अस्तित्व उनमे मिलने वाली छोटी नदियों से ही है। हमें अपनी छोटी नदियों के स्त्रोंतो को बचाने में ध्यान देना होगा। नदियों के उद्गम स्थल को जीवन्त बनाएं। नदियों के किनारे पौधे लगाएं तथा वृक्ष बनने तक उनकी सुरक्षा करें। पंचायत मंत्री ने इस अभियान की सफलता के लिए शासन और प्रशासन को मिलकर बेहतर गति से कार्य करने के लिए कहा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान हम सभी के जीवन से जुड़ा अभियान है। अपने जल स्त्रोंतो को बचाने हम सभी को आगे आना होगा। जिन गांवो में नदियों के उद्गम स्थल हैं उसे संरक्षित करने का कार्य करें। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि जल ही जीवन है। जल के बिना जीवन की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री द्वारा नदियों के उद्गम स्थल को बचाने की पहल अनुकरणीय है। उनके नेतृत्व में प्रदेश में दुर्गम स्थलों पर पहुंचकर नदियों के संरक्षण का कार्य हो रहा है। विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक ने अतिथियों का स्वागत किया। विधायक ने नदियों के उद्गम स्थल को संरक्षित करने के अभियान को सफल बनाने सभी से सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने स्वसहायता समूह की दीदियों के उत्पादों पर आधारित प्रदर्शिनी का अवलोकन किया तथा उनकी सराहना की।

इस अवसर पर विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमान सिंह, जनपद अध्यक्ष कुसमी श्यामवती सिंह, मझौली सुनैना सिंह, जनपद उपाध्यक्ष सीधी सुमन सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, मनोज सिंह, कृष्णलाल पयासी, पूजा सिंह कुशराम, हीराबाई सिंह, सरस्वती बहेलिया, सुमन कोल, गणमान्य नागरिक देव कुमार सिंह, लाल चन्द गुप्ता सहित जनपद सदस्य एवं पंच सरपंच उपस्थित रहे। साथ ही पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनन्जय मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोक तिवारी सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पंचायत मंत्री का पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष के घर में हुआ आत्मीय स्वागत



मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल का आज पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लालचंद गुप्ता के घर में चंदन टीका लगाकर पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष इद्रंशरण सिंह, परिवार के ज्येष्ठ लक्ष्मीचंद गुप्ता, पूरन गुप्ता, सतीष गुप्ता, मुकेश गुप्ता, सूरज गुप्ता, अमित गुप्ता, उदय गुप्ता, सौरभ गुप्ता समेत व्यापारी संघ के कई पदाधिकारी एवं व्यापारीगण भी उपस्थित रहे। बताते चलें कि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लालचंद गुप्ता द्वारा इस दौरान अपने पूरे परिवार के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। कुछ समय तक पंचायत मंत्री यहां मौजूद रहे।

# चूल्ही में नाली न होने से लोगों के घरो में भर रहा पानी



सीधी ( नि.प्र. )

जिला सीधी अंतर्गत ग्राम पंचायत चूल्ही में नाली नहीं होने के कारण गांव में भारी समस्या है। जहां गांव चूल्ही के सुदामा प्रसाद विश्वकर्मा, अनूप विश्वकर्मा, गोपालदास विश्वकर्मा, कृष्ण पाल विश्वकर्मा के घर का जल निकास बंद हो गया है। सामने भारी गंदगी फैल रही है। मच्छर भारी मात्रा में पैदा होकर बीमारी फैला रहे हैं। अत्यधिक नमी और सीलन से घर की दीवार एवं पूरा घर ही गिरने की स्थिति में है। साथ ही परिवार के लोगों का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है जो की ग्रामीणों के सामने गंभीर स्थिति है। नाली की समस्या को लेकर कई बार ग्रामीण जनों के द्वारा ग्राम पंचायत चूल्ही के ग्राम सभा में भी प्रस्ताव दर्ज कराया गया है, लेकिन आज दिनांक तक नाली का निर्माण नहीं करवाया गया। गांव के सरपंच और सचिव द्वारा कहा जाता है कि नाली ऊपर से मंजूर नहीं हो रही है तो क्या करें ग्रामीणों ने कहा कि जब इन दिनों गर्मियों के तपन में घर आंगन और घर के आसपास पानी जमा है तो बरसात के दिनों में क्या हाल होगा लोग मरने के लिए मजबूर हो जाएंगे। ग्राम वासियों का कहना है कि जिले के जनप्रतिनिधियों से निवेदन है कि ग्राम चूल्ही की नाली बनाई जाए ग्रामवासी सदैव आप लोगों का आभारी रहेंगे। ग्राम वासी चूल्ही सुदामा विश्वकर्मा, अनूप विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, गोपाल दास विश्वकर्मा, कृष्णपाल विश्वकर्मा, रामजी, अमन विश्वकर्मा, विश्वनाथ विश्वकर्मा, हंस लाल विश्वकर्मा, यज्ञ लाल विश्वकर्मा, भैया लाल विश्वकर्मा, गोविंद विश्वकर्मा, राम सिया विश्वकर्मा, नरेंद्र विश्वकर्मा, हरिहर विश्वकर्मा, कीर्ति नारायण विश्वकर्मा, हीरालाल विश्वकर्मा, ग्राम सुलोचन विश्वकर्मा, शिवकुमार विश्वकर्मा, बाबूलाल विश्वकर्मा, भीमसेन विश्वकर्मा शामिल रहे।

### सेमरिया सरपंच ने विधायक का जताया आभार

**सीधी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सीधी आगमन पर सेमरिया को बड़ी सौगातें मिलने पर सेमरिया सरपंच सुरेश पाण्डेय ददन ने सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के प्रयासों के प्रति आभार जताया है। सरपंच ने कहा कि सेमरिया को नगर पंचायतए उप तहसील एवं बाईपास की मांग उनके द्वारा जनता के हितों को लेकर काफी समय से की जा रही थी। उनकी पुरानी मांगे सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के प्रयासों से जनता को सौगात के रूप में स्वीकृति हुई है। जनता जनार्दन ने भी सेमरिया सरपंच एवं सीधी विधायक का आभार व्यक्त किया है।

# सरस्वती विद्यालय में हुआ मेधावी सम्मान समारोह



सीधी ( नि.प्र. )

सरस्वती बाल कल्याण समिति वैढन के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर वैढ़न में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के व्यवस्थापक कामता नाथ केशरवानी के मुख्य आतिथ्य एवं विद्यालय के अध्यक्ष अजय नारायण श्रीवास्तव के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सजन अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत परिचय विद्यालय के प्राचार्य श्री अश्वनी कुमार सोनी द्वारा कराया गया।

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षा 2025 में कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यालय के प्रथम 10 स्थान प्राप्त भैया /बहनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का आभार ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य जयप्रकाश पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भैया/बहनों के साथ-साथ अभिभावक एवं आचार्य- आदित्य द्विवेदी, हनुमान द्विवेदी, रमेश दुबे, बालकृष्ण शर्मा, शिवेंद्र सिंह, दिनेश द्विवेदी, महेंद्र शुक्ला, धनंजय प्रसाद तिवारी, ध्रुव कुमार शर्मा, अखिलेश सिंह, संजय तिवारी, अनिल सिंह, अनुसुइया द्विवेदी, नीरज दुबे, अतिबल गुप्ता, श्रीमती साधना सिंह सुश्री अनुराधा पाण्डेय, श्रीमती उर्मिला शाह उपस्थिति सराहनीय रही।

# रंगदूत नाट्य कार्यशाला का समापन



सीधी ( नि.प्र. )

रंगमंच केवल अभिनय का माध्यम नहीं बल्कि समाज का प्रतिबिंब होता है। यह व्यक्ति को अपने भीतर झांकने, संवाद स्थापित करने और सामूहिक चेतना को जागृत करने का अवसर देता है। थिएटर के माध्यम से युवा न केवल मंच पर बोलना, चलना और प्रस्तुत होना सीखते हैं। बल्कि अनुशासन, संवेदना, समयबद्धता और टीम वर्क जैसी जरूरी जीवन-कला में भी दक्ष होते हैं। इसी तारतम्य में 17 मई की शाम को नाग मंदिर के समीप स्थित में रंगदूत कार्यालय में 11 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का समापन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन रंगदूत सीधी द्वारा 6 मई को किया गया था, जिसका उद्देश्य जिले के युवाओं को रंगमंच की मूलभूत तकनीकों से परिचित कराना और उनमें सृजनात्मक अभिव्यक्ति का विकास करना था। कार्यशाला के शुरुआती दिनों में शारीरिक एवं स्वर अभ्यास, वाक् शुद्धि, मौन की भाषा, और आत्म-अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया गया। मध्य चरणों में दृश्य-निर्माण, इम्प्रोवाइजेशन, चरित्र-निर्माण तथा लयबद्ध अभ्यास जैसे व्यावहारिक सत्रों का आयोजन हुआ। प्रशिक्षकों में सुनील कुमार रावत एनएसडी एक वर्षीय पाठ्यक्रम से उत्तीर्ण, कुलदीप सोनी, अनंत मिश्रा, रवित मिश्रा एवं जागृति गुप्ता मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय से पास आउट शामिल थे। कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रमुख प्रतिभागियों में वतन द्विवेदी, शिवम पाठक, विशेष भारती, राजेंद्र दुबे, गौरव वर्मा, साक्षी सोनी, निधि कचेर, खुशी सोनी, इशू साकेत, वतन रवि, आदित्य द्विवेदी, सौम्या तिवारी आदि ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संयोजकों ने सभी सहभागी कलाकारों, प्रशिक्षकों और तकनीकी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एनटीपीसी ने ढोंटी तालाब में चलाया स्वच्छता अभियान

■ स्थानीय समुदाय ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

सीधी ( नि.प्र. )




स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत एनटीपीसी विंध्याचल ने दिनांक 17.05.2025 को ग्राम-ढोंटी तालाब, वार्ड क्रमांक 38, में एक प्रेरणादायक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता की दिशा में एक सशक्त कदम साबित हुई। इस अभियान में स्थानीय निवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर स्वच्छता और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। इस अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल के वरिष्ठ अधिकारी महताब आलम, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) निखिल जायसवाल, कार्यपालक (सीएसआर) तथा वार्ड पार्षद अनिल कुमार वैश्य भी उपस्थित रहे। साथ ही नगर निगम के अपीलीय समिति सदस्यगण और समर्पित सफाई मित्रों ने भी अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। स्वच्छता अभियान से न केवल क्षेत्र के महत्वपूर्ण जलस्त्रोत का कायाकल्प हुआ, बल्कि इस पहल ने एनटीपीसी विंध्याचल की स्थानीय समुदाय के साथ सहभागिता को और भी सशक्त बनाया। यह आयोजन परियोजना की सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने की भावना का एक उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

# सूने घर में बरसाए गए पत्थर, गृहस्थी क्षतिग्रस्त

सीधी ( नि.प्र. )



शहर के जमोड़ी थाना अंतर्गत ग्राम पनवार सेंगरान में स्थित एक सूने घर में दबंगों द्वारा जमकर पत्थर बरसाए गए। पत्थरबाजी से घर में रखी सामग्रियों, दरबाजों, खिड़कियों को भारी क्षति हुई। तत्संबंध में 16 मई को जमोड़ी थाना में लिखित रिपोर्ट करते हुए राहुल द्विवेदी पिता ललन प्रसाद द्विवेदी उम्र 28 वर्ष ने कहा है कि वह घटना दिनांक को अपने गृह ग्राम कराई थाना चितरंगी, जिला सिंगरौली गए हुए थे। घर में कोई नहीं था इस वजह से ताला बंद था। सूने घर में कुछ दबंगों द्वारा पत्थरबाजी कर तोड?ोड़ की गई। बाद में उनके मोबाइल पर अतुल मिश्रा निवासी महाजन टोला रीवा से व्हाट्सएप कॉल करके गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। उसी नंबर पर राममणि पाण्डेय, प्रदीप तिवारी, दीपक परिहार, कार्तूस नाम के लड? द्वारा गाली-गलौच की गई। पुलिस द्वारा मामले को विवेचना में लिया गया है।

## कार्यक्रम

### जल संरक्षण पर आधारित नदी को जानो कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ने युवाओं को जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित

# जल है तो जीवन है नदी नहीं तो सदी नहीं जल संरक्षण से ही भविष्य संरक्षित : मंत्री

जल है तो जीवन है नदी नहीं तो सदी नहीं जल संरक्षण से ही भविष्य संरक्षित हो सकता है का वक्त व्य प्रहलाद पटेल कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने जल संरक्षण पर आधारित नदी को जानो उमंग भवन एनटीपीसी में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किया।

सीधी ( नि.प्र. )



उन्होंने कहा कि जल संरक्षण जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जल के संरक्षण से ही हम अपने नित्य दिनचर्या की चल उपलब्धता को सुनिश्चित कर सकते हैं जल चाहे धरातल का हो या वर्षा का दोनों का संरक्षण अत्यंत जरूरी है।उन्होंने नई पीढ़ी को जल संरक्षण के प्रति जागृत करते हुए कहा कि आने वाले भविष्य की आवश्यकता है इसमें सभी से जन भागीदारी की अपेक्षा करता हूं। वही अवधूत महायोगी समर्थ दादा ने भी अपने मूलवान प्रवचनों से उपस्थित युवाओं को जल संरक्षण हेतु प्रेरणा प्रेरित करते हुए कहा कि नदी को जनों का मुख्य उद्देश्य मानव और प्रकृति के बीच एक संवाद है जो हमारी संस्कृत में सदियों से परंपराओं के माध्यम से उपस्थित रहा है। नदी को हमारे धर्म में एक जीवित प्राणी माना गया है नदी हमें जीवन देती है और जीवन देने वाला सबसे बड़ा होता है आज हमें इसके संरक्षण के लिए चिंतन करने की आवश्यकता है चौपाल के माध्यम से जन सहभागिता के साथ हमें पर्यावरण के संरक्षण के साथ-साथ जल संरक्षण के कार्यों को भी पूरी जन भागीदारी के साथ पूर्ण करना होगा हमें जल संरक्षण हेतु अधिक से अधिक मात्रा में वृक्षारोपण के कार्यों को करते हुए जनता को भी जल संरक्षण के लिए जागृत करना होगा।

इस अवसर पर सीधी सिंगरौली सांसद डॉ राजेश मिश्रा, विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, विधायक जैसा राजेंद्र मेश्राम, कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह, नगर निगम अध्यक्ष दिवस पांडे, सीईओ जिला पंचायत गजेंद्र सिंह नागेश, एसडीएम सिंगरौली सृजन वर्मा सहित जनप्रतिनिधि गण, आम जानता की उपस्थिति रही।

# सीबीएसई 10वीं 12वीं कक्षा में मेरिट लिस्ट में आने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

सीधी ( नि.प्र. )



सिंगरौली जिले के सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं कक्षा में मेरिट लिस्ट में आने वाले प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को उनकी प्रतिभा को सम्मान देने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया गया । इस प्रतिभा सम्मान समारोह में माननीय सिंगरौली विधायक विधायक राम निवास शाह एवं देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम की की गरिमामय उपस्थिति रही। सम्मान समारोह के दौरान प्रतिभाशाली छात्रों को शॉल , ट्राफी प्रदाय की गई एवं प्रमाण पत्र भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान डीपीएस विंध्यानगर के छात्र तन्मय वर्मा, अद्विक रोशन ,अनंत मल, पार्थ मोतियानी के साथ-साथ डीएवी अमलोरी से अनुराग चौरसिया को सीबीएसई 10वीं बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया । वहीं डीपीएस विंध्यानगर से विवेक जी ,आरव सिंह बघेल, एरियाना जैन, खुशी श्रीवास्तव , डीएवी दुधीचूआ से सोफिया वा डी पॉल विंध्यनगर से वैभवी द्विवेदी को सीबीएसई 12वीं बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सिंगरौली विधायक , देवसर विधायक एवं कलेक्टर द्वारा मेरिट लिस्ट में आने वाले सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी गई साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर विधायक गण द्वारा अपनी अपनी विधायक निधि से छात्र-छात्राओं 11-11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दिए जाने की भी घोषणा की गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एस बी सिंह , डीपीसी आर अल शुक्ला , वरिष्ठ समाज सेवी अरविंद दुबे सहित विद्यालयों के प्रचार अध्यापक अभिभावक गण आदि उपस्थित रहे।

# महापौर की अध्यक्षता में निगम प्रशासन द्वारा संचालित स्कूलों के प्राचार्य एवं शिक्षकों की बैठक संपन्न

## नवीन शैक्षणिक सत्र व शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारू संचालन सहित व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने दिये निर्देश

**कटनी ( ब्यूरो )** नगर निगम द्वारा संचालित साधूराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, के.सी.एस स्कूल एवं रविन्द्र राव स्कूल में नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जावें। आगामी दिनों में प्रारंभ होने वाली वर्षा ऋतु के पूर्व आवश्यकतानुसार शाला भवनों की मरम्मत सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण करें, उक्त निर्देश शनिवार को महापौर प्रीति संजीव सूरी नें निगम द्वारा संचालित स्कूलों की व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित प्राचार्य एवं शिक्षकों को दिए। बैठक के दौरान निगमायुक्त नीलेश दुबे की विशेष मौजूदगी रही। बैठक में महापौर एवं निगमायुक्त द्वारा स्कूलों की वर्तमान व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। निगमायुक्त ने नवीन शैक्षणिक सत्र और छात्रों का अध्यापन कार्य को दृष्टिगत रखते हुए समस्त प्राचार्य को समय रहते विद्यालय की साफ-सफाई, कक्ष जिनकी छत अथवा प्लास्टर क्षतिग्रस्त है वर्षा ऋतु में पानी टपकने की सम्भावना होने पर मरम्मत, पुताई, शौचालय, पेयजल, बिजली आदि की समस्याओं का



शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि हेतु करें नवाचार: महापौर

अनिवार्य रूप से निराकरण कराने के निर्देश दिए। निगमायुक्त नें क्षतिग्रस्त व गंभीर स्थिति में जो कक्ष अथवा शाला भवन हैं उसकी रिपेयरिंग आदि के प्रस्ताव शीघ्र ही प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए वर्तमान में सुविधा एवं सुरक्षा की दृष्टि से शाला के अन्यत्र कक्ष में कक्षा का संचालन करने हेतु प्राचार्य एवं शिक्षकों को निर्देशित किया गया।

**शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि के लिए करें नवाचार-महापौर**=महापौर प्रीति संजीव सूरी नें विद्यार्थियों में हिंदी, अंग्रेजी एवं गणित विषयों की दक्षता स्तर में सुधार करने के लिये शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही की जाये। महापौर ने कहा कि शिक्षक अपने अध्यापन कार्य को आकर्षक एवं रुचिकर बनाने के लिये अध्यापन में नवाचार करें, अध्यापन में स्मार्ट, व्यूह बोर्ड, एलसीडी प्रोजेक्टर, आईसीटी टूल्स का उपयोग कर अपने विषय की विषय वस्तु से संबंधित रूचिकर वीडियो बनाकर अथवा यूट्यूब आदि के माध्यम से विद्यार्थियों को वीडियो दिखाकर सीखने की प्रवृत्ति का विकास करना सुनिश्चित करें। नवाचार के लिये छुट्टी का दिन भी शिक्षक द्वारा चुना जा सकता है, ताकि समय की पाबंदी न हो तथा विद्यार्थियों को अपनी अभिव्यक्ति का पूर्ण समय प्राप्त हो सके, किसी टापिक विशेष पर विद्यार्थी से शिक्षक की भूमिका के रूप में कार्य करने हेतु भी नवाचार के रूप में प्रयोग में लाया जा सकता है। इसके साथ ही शाला परिसर में पर्यावरण की गतिविधयों को बढ़ावा देनें पर महापौर द्वारा जोर दिया गया।

**विद्यालय का हो विधिवत संचालन-आयुक्त**-निगमायुक्त नें शाला में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति निर्धारित समय पर सुनिश्चित करने तथा विद्यालय की समय-सारणी के आधार पर विद्यालय का विधिवत संचालन करने के निर्देश प्राचार्य को दिए। समस्त शिक्षक गण समय सारणी के अनुसार सत्र प्रारंभ से ही प्रायोगिक कार्य, रोल प्ले आदि अनिवार्य रूप से करायें, समस्त प्रयोगशालाऐं क्रियाशील हों, वर्तमान पाठ्यक्रम पर आधारित प्रायोगिक सामग्री प्रयोगशाला में उपलब्ध हो ताकि प्रायोगिक कार्य करने में विद्यार्थी दक्ष हों। बैठक में विद्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियों, अध्यापन, मूल्यांकन, शिक्षक, छात्र उपस्थिति, विद्यालय का रखरखाव, स्वच्छता, शौचालय, पेयजल एवं पाठ्येत्तर गतिविधियों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान प्राचार्य रूप भास्कर, सुमनलता, मनोज चौधरी सहित शिक्षकगण सर्व रिजवान हसन खान, मीना बहरे, नमिता दुबे, संजय वाजपेयी, शिवा वर्मा, मोहन प्यासी सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही।




# अल्पसंख्यक मोर्चा ने निकाली तिरंगा यात्रा,भाईचारे का दिया संदेश

## जाति मजहब से पहले हम सब हिन्दुस्तानी है: नवाब खान

**कटनी ( ब्यूरो )** भाजपा भारतीय तिरंगा तले भारत की जीत का जश्न मनाया। कटनी जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष इंजीनियर नवाब खान ने भी तिरंगा रैली निकाली, सैकडो अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों व मुस्लिम भाईयो ने हिस्सा लेकर हिन्दुस्तान जिन्दाबाद के नारो के साथ भारतीय जीत का जश्न मनाया। इस दौरान इंजीनियर नवाब खान ने कहा की जाती मजहब से पहले हम सब भारतीय हिन्दुस्तानी है। किसी जाती मजहब मे अपराध और हत्या करना नही सिखाया जो यह करते हैं वह न हिन्दू है न मुस्लिम वह सिर्फ आतंकी है जिनके लिए ठोस सजा मिलनी चाहिए। इंजीनियर नवाब खान ने यह भी कहा की भारत आज मोदी के हाथो सुरक्षित है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ महिलाओं की शक्ति को बढावा देते हुए मिशन सिंदूर के माध्यम से जिस तरह पाकिस्तान के खुदगर्ज आतंकवाद को करारा जवाब दिया वह एतिहासिक रहा भारत अन्य देशो के मुकाबले मोदी की बजह से शक्तिशाली देश के रुप मे नजर आ रहा है। भारत की ताकत के सामने पाकिस्तान जैसे गद्दार देश खौफ खा रहे हैं। अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष नवाब खान ने यह भी कहा की भारतीय सेना हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई व अन्य किसी मजहब नही देखती वह सभी एक जुट होकर भारत देश की हिफाजत फिर हम हिन्दुस्तानियों को अपने देश की सेवा और सैनबल के हिसाब से चलना चाहिए हमे गर्व होना चाहिए की हमारे देश की सेवा हमारे लिए जान देने को तैयार रहती है और हम आपसी विवादो मे घिरे रहते हैं हमे सब कुछ भूल कर भारत देश की ताकत बन्नी चाहिए।



# शिक्षा विभाग की गलत नीतियों के कारण शिक्षकों को हो रही बेवजह परेशानियां

**कटनी ( ब्यूरो )** शासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा नीतियों का गलत तरीके से निर्माण एवं क्रियान्वयन करने के कारण विभाग में विभिन्न विसंगतियां उत्पन्न हो रही हैं। शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे के अनुसार अतिशेष की प्रक्रिया के पूर्व पोर्टल को अपडेट नही किया गया। जिससे रिक्त पद एवं अतिशेष की गणना एवं प्रदर्शन सही-सही नही हो रहे हैं। पोर्टल के अपडेट न होने के कारण समस्त रिक्तियां प्रदर्शित नहीं हो पा रही हैं और कई विद्यालयों में नवीन पदांकन प्रदर्शित न होने के कारण न होते हुए भी रिक्त पद दिखायी दे रहा है, यह स्थानांतरण चाहने वालों के लिए भी नुकसानदायक है, क्रमोन्नति के बाद एरियर्स के भुगतान में अतिविलम्ब हो रहा है, जिससे शिक्षकों को बेवजह आर्थिक क्षति हो रही है। संगठन का आरोप है कि प्रथम नियुक्ति दिनाँक से वरिष्ठता के मामले को विभाग द्वारा बेवजह लंबित रखा गया है, इसका तत्काल निराकरण करते हुए राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त हुए अध्यापकों को उनके प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान की जानी चाहिए। शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांतीय आह्वान पर जिला शाखा द्वारा आयुक्त लोकशिक्षण के नाम जिलाशिक्षाधिकारी कटनी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि अन्य विभाग के कर्मचारियों को कार्य के लिए पांच दिन का सप्ताह तथा पृथक से अर्जित अवकाश की पात्रता है, जबकि शिक्षकों को सप्ताह में छह दिन का कार्यदिवस है और 30 दिन के ग्रीष्मावकाश में भी विभिन्न प्रकार के कार्य एवं प्रशिक्षण, नामांकन इत्यादि करना पडता है और उन्हें अर्जित अवकाश की भी पात्रता नहीं है अत: शिक्षकों को भी अर्जित अवकश का लाभ अन्य कर्मचारियों के समान दिया जावे। ज्ञापन सौंपने में शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष राकेश दुबे, संगठन मंत्री मनीष सिंह गौतम, जिला संयोजक देवेंद्र तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता यादव, महामंत्री अरूण सिंह परिहार, माधुरी तिवारी, सपना चतुर्वेदी, मनीष सोनी शिक्षक संघ, संदीप पुरवार, शैलेन्द्र खम्परिया, अभिषेक तिवारी, शिवकुमार पांडे, अरुण पटेल, अनिल परोहा, शिवनाथ रजक, सुनील सिंह, राजा सोनकर, राकेश परोहा, अम्बिका पटेल, पंकज पटेल, गीता मिश्रा, आरती डेंगरे, सीमा ठाकुर, प्रियंका गर्ग, मयंक गुरु, लल्लू गुप्ता, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद शेख नासिर, ओमप्रकाश विश्वकर्मा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सांसद विष्णु दत्त शर्मा के प्रयासों से जिले को मिली केन्द्रीय स्कूल की सौगात शीघ्र लेगी मूर्तरूप

## छात्रों को शुद्ध शीतल पेयजल की उपलब्धता हेतु वाटर कूलर प्रदाय करने महापौर ने की घोषणा

### रिक्त भवन में संचालित होने वाले केंद्रीय विद्यालय की व्यवस्थाओं का महापौर नें निगमायुक्त एवं केन्द्रीय स्कूल के प्राचार्य के साथ किया संयुक्त निरीक्षण

**कटनी ( ब्यूरो )** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णु दत्त शर्मा के सार्थक प्रयासों से जिले में चहुंमुखी विकास कार्य कराये जा रहे है। इन्ही विकास कार्यो की श्रृंखला में जिले के छात्रों के पठन-पाठन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए केंद्र शासन के माध्यम से संचालित होने वाले नवीन केन्द्रीय स्कूल की सौगात जिले को मिली है। केन्द्रीय स्कूल का संचालन प्रारंभ हो जानें से जिले के छात्रों को भी महानगरों की तर्ज पर बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। जिले के लिए नगर निगम कार्यालय के समीप स्थित पुराने शासकीय कन्या महाविद्यालय के भवन में स्वीकृत नवीन केन्द्रीय स्कूल के संचालन हेतु वर्तमान में की जा रहीं आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का शनिवार को महापौर प्रीति संजीव सूरी नें



आयुक्त नीलेश दुबे, पार्षद वंदना राजकिशोर यादव, ओमेंद्र ओमी अहिरवार, केन्द्रीय विद्यालय झिंझरी नंबर के प्रभारी प्राचार्य पंकज कुमार जैन, जय नारायण तिवारी सहित अन्य नगर निगम के अधिकारियों की मौजूदगी में संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त नीलेश दुबे एवं प्राचार्य द्वारा बताया गया कि यहां नवीन केन्द्रीय विद्यालय को प्रारंभ करने के लिए न्यूनतम 7 बाय 7 मीटर क्षेत्रफल वाले 15 कमरों और यहां उपलब्ध कराई जाने वाली आवश्यक सुविधाओं एवं विकास कार्य जैसे भवन के कमरों की मरम्मत, रंगाई-पुताई, पेयजल व्यवस्था के साथ ही शौचालयों की मरम्मत व सुधार कार्य का किया जा रहा है। जिसपर महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तय समयावधि में पूर्ण कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि शीघ्र ही समस्त आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराई जाकर छात्रों के प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सके। महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों के स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था हेतु एक नग वाटर कूलर प्रदान किये जाने की घोषणा भी की गई।

# बदजुबान मंत्री के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन कर पुतला दहन

## सैनिक भारत माता के नतमस्तक है मोदी के नहीं

**कटनी ( ब्यूरो )** गत शाम जबलपुर में मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, आज पूरा देश, देश की सेना और हमारे सैनिक भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं ऐसे देशद्रोही बयान आते ही कांग्रेस भारत की सेना के पक्ष में मैदान पर उतर आई और कटनी में कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान की उपस्थिति में प्रदेश के वित्त मंत्री के खिलाफ कचहरी चौराहे में जोरदार प्रदर्शन किया गया जगदीश देवड़ा इस्तीफा दो विजय शाह इस्तीफा दो के नारे लग रहे थे सेवा के खिलाफ बोलने वाले मंत्रियों का मंत्रियों का पोस्टर जलाए। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित





शुक्ला, जिला शहर कार्यवाहक अध्यक्ष राजा जगवनी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुलाम जफर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष विजय पटेल, सेवादल अध्यक्ष पंकज गौतम, सद्भावना प्रकोष्ठ अध्यक्ष जार्ज डेविड, जिला कांग्रेस सचिव रॉबिन पीटर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्षद ईश्वर बाहरानी, शशि यादव, कल्पना पाठक, महामंत्री अजय जैसवानी, विवेक बिरहा, अंकित चतुर्वेदी, विकल्प पुरुषवाणी, एजाज अहमद, एडवर्ड प्रिंस, गगन तिवारी, मंगल सिंह, बृजेश मोर, उदय सिंह, दिलदार खान, सत्यम यादव, अर्जुन सिंह, अशोक बहलानी, मुन्नालाल कुशवाहा आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।



# मयंक ने 10वीं में अर्जित किया जिले में प्रथम स्थान

**कटनी ( ब्यूरो )** कैमोर सीमेंट एवं खदान कर्मचारी संघ के महामंत्री मुकेश गौतम के सुपुत्र मयंक गौतम ने सीबीएसई 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 98.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने परिवार के साथ कैमोर नगर का गौरव बढ़ाया है। संघ के अध्यक्ष गणेश राव, कार्यकारी अध्यक्ष संजय सिंह, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, प्रहलाद चौहान, वरिष्ठ नेता मंत्री रविशंकर दुबे एवं साथियों के साथ उनके निवास पर जाकर मयंक को आर्शीवाद देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की, तथा माता पिता को बधाई प्रेषित की। मयंक की सफलता से ए.सी.सी के श्रमिक साथियों तथा कैमोर नगरवासियों में हर्ष व्याप्त है।

# लमकना और मझौली गांव में झिरगिरि नदी पर की गई सफाई



**कटनी ( ब्यूरो )** नवांकुर संस्था मानव जीवन विकास समिति द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला कटनी के सहयोग से समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में अभियान को सफल बनाने ग्राम पंचायत के साथ मिलकर जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के तहत कछारी ग्राम पंचायत के लमकना और मझौली गांव में झिरगिरि नदी की खुदाई एवं साफ-सफाई का कार्य किया गया। आशा करते है की पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष ज्यादा पानी रुकेगा। जन सहयोग से यह जल संरक्षण का अभियान महा अभियान बनेगा। इस अभियान में ग्रामीण बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। नदी में श्रमदान करने के बाद जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया और जल संरक्षण के प्रति शपथ दिलाई गई इसके बाद जल संरक्षण को लेकर बढ़िया सा प्रेरणा गीत भी संगीत की धुन में गया गया। नदी का गहरीकरण व साफ-सफाई होने से नदी में पानी रुक सकता है। कार्यक्रम में मानव जीवन विकास समिति के कार्यकर्ता ओम प्रकाश, अजीत सिंह, फग्गू लाल केवट, रामसखा पाल और ग्राम पंचायत सरपंच भारती सिंह वैश्य, सचिव कौशल प्रसाद पाठक, रोजगार सहायक विनय सिंह सोलंकी, स्व सहायता समूह की महिलाएं एवं ग्रामीण जनो के सहयोग से श्रमदान कर नदी की खुदाई एवं सफाई का कार्य किया गया।

# एमएसएमई विभाग द्वारा उद्योग विस्तार एवं कार्य पद्धति सुधार हेतु कार्यशाला का सफल आयोजन

**कटनी ( ब्यूरो )** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की मध्यप्रदेश की नोडल एजेंसी म.प्र. लघु उद्योग निगम द्वारा होटल अरिंदम, कटनी में उद्योगों के विस्तार एवं कार्यपद्धति में सुधार हेतु एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लघु उद्योग भारती के सहयोग से सायं 06 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री डीएस मसकुले ने बताया कि यह कार्यशाला भारत सरकार की ङ्गस्क्क योजना के अंतर्गत आयोजित की गई। इस कार्यशाला में उद्योगों की गुणवत्ता, दक्षता एवं नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्नह्व मैनेजमेंर्ट, 'श्वष्ठ सर्टिफिकेशन एवं बौद्धिक संपदा अधिकार (ढ्ढक्क) जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की गई। एमएसएमई पॉलिसी मास्टर ट्रेनर बजेश मिश्रा ने नवीन एमएसएमई नीति एवं भूमि-भवन अधिनियम की विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा उपस्थित उद्यमियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। वहीं 'श्वष्ठ ट्रेनर आर. के. दलेला, क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया से, ने जीरो डिफेक्ट-जीरो इफेक्ट सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया एवं इससे संबंधित सरकारी अनुदानों के बारे में बताया। ई-वाय कंसल्टेंट सुनील साई द्वारा श्व-ङ्गक्रष्ठश्व प्लेटफॉर्म के माध्यम से पूंजी संकट से निपटने एवं स्टॉक लिस्टिंग जैसे व्यावसायिक अवसरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी ने बताया कि लघु उद्योग भारती प्रदेश के सभी जिलों और तहसीलों तक कार्यरत एक राष्ट्रीय संगठन है, जिसे सरकार ने इंडस्ट्री पार्टनर के रूप में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि सरकार और संगठन के समन्वय से आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम उद्यमियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। इस अवसर पर ष्टढ्ढ, जिला उद्योग संघ, चूना उत्पादक संघ, तुअर दाल मिल एसोसिएशन, माधव नगर उद्योग संघ एवं राइस मिल उद्योग संघ सहित कई संगठनों के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कुल 140 उद्यमियों ने सहभागिता की, जिनमें 36 महिला उद्यमी एवं 104 पुरुष उद्यमी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन नवीन केशरी द्वारा किया गया एवं समापन लघु उद्योग भारती के सदस्य मुरलीधर रत्नानानी द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ किया गया। यह कार्यशाला उद्योग क्षेत्र के लिए एक प्रेरणादायक पहल साबित हुई, जिसने कटनी के उद्योगों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।





## संपादकीय

### भरोसा बढ़ेगा

सुप्रीम कोर्ट के नए चीफ जस्टिस बीआर गवई और निवर्तमान सीजेआई संजीव खन्ना ने मिसाल पेश की है। जस्टिस खन्ना ने सुप्रीम कोर्ट में लोगों का भरोसा बढ़ाया। उन्होंने जजों की संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक किया। कलीजियम सिस्टम पर उठ रहे संदेहों को दूर करने का प्रयास किया गया। नए सीजेआई गवई ने संविधान की सर्वोच्चता पर जोर दिया।सुप्रीम कोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस बीआर गवई और निवर्तमान संजीव खन्ना ने यह कहकर न्यायपालिका की गरिमा और विश्वसनीयता बढ़ाई है कि वे रिटायरमेंट के बाद कोई पद स्वीकार नहीं करेंगे। दोनों ने पूरे सिस्टम के लिए नजीर पेश की है।जस्टिस खन्ना का कार्यकाल बहुत छोटा रहा, लेकिन इसी दरम्यान उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में आम लोगों का भरोसा बढ़ाने वाले कई कदम उठाए। जस्टिस यशवंत वर्मा कैश कांड उनके लिए एक परीक्षा की तरह था। लोगों के मन में तमाम सवाल उठ रहे थे। खन्ना ने न केवल उस मामले को तार्किक परिणति तक पहुंचाया, बल्कि उन्हीं की पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक कर स्ट्रॉन्ग पॉजिटिव मेसेज दिया। इसी तरह, जस्टिस खन्ना के ही दौर में कलीजियम सिस्टम पर उठ रहे संदेहों को दूर करने का प्रयास भी किया गया था। इस सिस्टम पर भाई-भतीजावाद के आरोप लग रहे थे। ऐसे में जस्टिस खन्ना ने पिछले करीब तीन साल में कलीजियम में जितने भी प्रस्ताव आए थे, उन सभी को सार्वजनिक कर दिया। कौन रिकमेंड हुआ, किस आधार पर हुआ और किनको नियुक्ति मिली- इन सवालों के जवाब मिले तो संदेह के बादल भी छंट गए। करीब तीन साल में 221 नाम भेजे गए थे, जिसमें से केवल 14 किसी जज या पूर्व न्यायाधीश के रिश्तेदार थे।गवई ने पद संभालने से पहले एक और महत्वपूर्ण बात कही थी। न्यायपालिका और विधायिका में कौन बड़ा - के सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि देश में संविधान की सर्वोच्चता है। पिछले दिनों चली बहस के संदर्भ में यह बात महत्वपूर्ण है। हालांकि नए के सामने कई चुनौतियां हैं। न्यायपालिका पर लंबित मुकदमों का बोझ बढ़ता जा रहा है और इसका उन्होंने जिक्र भी किया। देश की अदालतों में पांच करोड़ से ज्यादा केस पेंडिंग हैं। ये आंकड़े न्याय मिलने की रफ्तार को धीमा करते हैं। भरोसा और पारदर्शिता बढ़ाने के साथ न्याय मिलने की रफ्तार में भी तेजी लाने की कोशिश होनी चाहिए। लोकतंत्र मजबूत तभी है, जब न्यायपालिका मजबूत हो, जब वह निष्पक्ष होकर बिना किसी डर या लालच के अपना कर्तव्य निभाए और निभाती हुई दिखे। जस्टिस गवई और जस्टिस खन्ना का स्टैंड इसी बड़े मकसद से प्रेरित है। इससे देश की सर्वोच्च अदालत की छवि और चमकदार बनेगी।

# अरुणाचली चाल है पाक के हक में चीन की बौखलाहट

ललित गर्ग

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद चीन बौखला गया है। पाकिस्तान की करारी हार एवं उसे दिये गये सबक को चीन पचा नहीं पा रहा है। चीन-पाक की सदाबहार दोस्ती के उदाहरण बार-बार सामने आते रहे हैं, हाल ही में सैन्य टकराव के दौरान चीन ने प्रत्यक्ष व परोक्ष तौर पर पाकिस्तान का समर्थन ही नहीं किया, बल्कि सैन्य व आर्थिक मदद भी की। ऐसे ही संवेदनशील समय पर चीन ने भारतीय जमीन पर दावेदारी जताने एवं अरुणाचल के 27 स्थानों को चीनी नाम देने की कुचेष्टा की है। उसकी यह नापाक कोशिश भी पाक के साथ खड़े होने का ही प्रयास है। यह ध्यान रहे कि वह अरुणाचल एवं उसके अनेक क्षेत्रों, इनमें आवासीय क्षेत्रों के साथ पहाड़ और नदियां भी हैं, इनको पहले ही चीनी नाम दे चुका है।**

भारत सरकार ने अरुणाचल के भीतरी स्थानों को नए नाम देने के चीन के निराधार और बेतुके प्रयासों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए इसकी निन्दा की है। चीन अपनी दोगली नीति, षडयंत्रकारी हरकतों एवं विस्तारवादी मंशा से कभी बाज नहीं आता। वह हमेशा कोई ऐसी कुचेष्टा करता ही रहता है जिससे भारत चीन बॉर्डर पर अक्सर तनाव रहता है। हालांकि भारत ने दो टूक जवाब देते हुए साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और यह चीनी दुष्प्रचार के सिवाय कुछ नहीं है। चीन की इस हरकत ने यह साफ कर दिया है कि उससे संबंध सुधारने की भारत की तरफ से कितनी ही पहल हो जाए, वह सुधरने वाला नहीं है।

निश्चित ही चीन की ये दकियानूसी हरकतें पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं, यह उसके दुस्साहस एवं उच्छृंखलता का द्योतक है। नाम बदलने से इस स्पष्ट और निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदला जा सकता कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। इस तरह की करतूतों, बचकानी एवं बेतूकी हरकतों से भारत को उकसाना चाहता है। इसी नीति के तहत वह भारत के पड़ोसी देशों में अपनी पैठ बना कर पुलों, सड़कों, व्यावसायिक केंद्रों आदि का निर्माण कर भारत की सीमा पर तनाव पैदा करने की भी कोशिश करता रहा है। शायद उसने यह मुगालता पाल लिया है कि ताजा घटनाक्रम से भारत दबाव में आ जाएगा लेकिन भारत अब ऐसे किसी दबाव में न तो आयेगा, बल्कि इनका सक्षम एवं तीक्ष्ण तरीके से जबाव देने में भारत सक्षम है।

चीन का अधिक बौखलाहट एवं खीज का बड़ा कारण भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन, मिसाइल आदि की इस कदर पोल खोल कर रख दी कि अब उसके लिए दुनिया के निर्धन देशों को अपने दोयम दर्जे एवं घटिसा किस्म के चीनी हथियार बेचना कठिन होगा। पाकिस्तान ने जिस चीनी मिसाइल का इस्तेमाल किया था, उसे भारत ने नाकाम कर दिया।

चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता है। चीन भरोसे लायक देश नहीं है, चीन के प्रति कठोर रवैया जरूरी है। निस्संदेह नाम बदलने जैसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग, सावधान व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। भारत को चीन के साथ अपनी तिब्बत नीति पर भी नए सिरे से विचार करना होगा। पिछले तीसरे साल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के अनेक स्थानों के नाम बदले हैं।

चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दर्शाता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। जिसमें उसके सैनिक गलवान घाटी में घुस आए थे, जिन्हें रोकने में खूनी संघर्ष हुआ। तबसे दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। भारत के हिस्से की जमीन पर कब्जा करने के इरादे से वह चोरी-छिपे और चालबाजी से घुसपैठ करने की कोशिशें करता रहता है। चीन की विस्तारवादी नीति भारत सहित सम्पूर्ण एशिया के लिये ही नहीं, पूरे विश्व के लिए बड़ा खतरा है। चीन भारत की बढ़ती ताकत एवं रूतबे से परेशान है। भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत चीन को चुभती रही है, इसलिए वह चोरी, चालाकी और चालबाजी से भारत को कमजोर करने की चालें चलता रहता है। दरअसल, सीमाओं को लेकर नित नए विवादास्पद तथ्य लाना चीन की फितरत में शामिल है। अरुणाचल प्रदेश ही नहीं, अक्साई चिन, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर पर भी चीन अपना दावा जताता रहा है। शातिर और चालबाज चीन अरुणाचल के किसी दस्तावेज पर भारत का नाम स्वीकार नहीं करता। कुछ मौकों पर तो वह अरुणाचल को अपने नक्शे में शामिल कर दुनिया के सामने साबित करने की कोशिश कर चुका है कि वह उसका इलाका है। मगर भारत की तरफ से मिले सख्त प्रतिरोध की वजह, सामरिक शक्ति और रणनीतिक सूझ-बूझ से उसे हर बार मुंह की खानी पड़ी है।

भारत को अनेक मोर्चों पर चीन को आडे हाथ लेना होगा, सबसे जरूरी है चीन सामान का बहिष्कार, इस पर सरकार के साथ हमारे उद्योग जगत एवं आम जनता को भी गंभीरता से सोचना होगा। ऐसा करके ही चीन की कमर को तोड़ा जा सकता है, आज दुनिया के अनेक देश चीनी सामान का बहिष्कार कर रहे हैं, हमें भी कठोर कदम उठाने होंगे। भारत ने जब भी पाकिस्तान में पनाह पाए आतंकियों को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादियों की सूची में डलवाने का प्रयास किया, चीन संयुक्त राष्ट्र में अपने वीटो का प्रयोग कर उसे रोकने की कोशिश करता रहा है, जबकि पूरी दुनिया आतंकवाद के खिलाफ युद्ध का समर्थन करती रही है। जिससे पता चलता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाने तथा व्यापार-कारोबार बढ़ाने की बात करने वाला चीन भारत के प्रति कैसी दुर्भावना रखता है। वह वैश्विक संगठनों व मंचों पर भारत के साथ खड़ा होने का दावा एवं ढोंग ही करता है।

भारत एवं चीन दोनों देशों के बीच संबंधों में आने वाली तल्खी की बड़ी वजह भी चीन की नीयत में खोट, उच्छृंखलता एवं अनुशासनहीनता ही है। चीन ने एक बार फिर अपनी इस हरकत से भारत के प्रति शत्रुता को ही जाहिर किया है। भारत के साथ चीन का बर्ताव हमेशा दोगला एवं द्वेषपूर्ण रहा है। इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि चीन किस तरह पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा है। जाहिर बात है कि चीन ने ऐसा न केवल चुनौतीपूर्ण समय में भारत का ध्यान भटकाने के लिये किया है, बल्कि पाकिस्तान के साथ एकजुटता दिखाने के लिये भी किया है।

अपनी आर्थिक शक्ति के नशे में चूर अहंकारी चीन अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों को जिस तरह धता बता रहा है, उससे वह विश्व व्यवस्था के लिए खतरा ही बन रहा है। अब यह भी किसी से छिपा नहीं कि वह गरीब देशों को किस तरह कर्ज के जाल में फंसाकर उनका शोषण कर रहा है। चीन भूल गया है कि अब भारत 1962 वाला भारत नहीं है, यह नया भारत है और आज का भारत चीन को मिट्टी में मिलाने की ताकत रखता है। भारत की रणनीति साफ है, स्पष्ट है।

आज का भारत समझने और समझाने की नीति पर विश्वास करता है लेकिन अगर हमें आजमाने की कोशिश होती है तो जवाब भी उतना ही प्रचंड देने में वह समर्थ हैं। भारतीय सेना में सरहदें बदल देने की क्षमता है, दुश्मनों को इरादों को ध्वस्त करने का मादा है इसलिये चीन अपने नक्शे में भले ही छेड़छाड़ करता रहे, लेकिन भारत की भूमि पर कब्जाने की उसकी मंशा अब कभी साकार नहीं होगी।

## धर्मायन

### धर्म का मूल केंद्र है वर्तमान

धर्म जगत ने धर्म को केवल परलोक के साथ जोड़कर भारी भूल की है। इसका परिणाम यह हुआ कि धर्म का असली प्रयोजन तिरोहित हो गया। वह स्वर्ग-सुखों के प्रलोभन और नरक-दुख के भय से जुड़ गया। हर धर्म-प्रवर्तक ने धर्म को जीवन से जोड़ा, किंतु धर्म-परंपराओं ने उसे स्वर्ग और नरक से जोड़ दिया। धर्म का मूल केंद्र वर्तमान है न कि भूत और भविष्य। हम वर्तमान क्षण को कैसे जियें, धर्म का सारा दर्शन इसी पर टिका हुआ है। वर्तमान विषम है तो भविष्य भी विषम होगा। यदि वर्तमान सम और सुखमय है तो भविष्य भी सम और सुखमय ही होगा। यानी भविष्य वैसा ही होगा जैसा वर्तमान है। इसीलिए धर्म का असली प्रयोजन वर्तमान को सजाने-संवारने का है। इस केंद्रीय विचार से भटक जाने के कारण धर्म भूत और भविष्य में उलझ गया। वर्तमान को उसने बिल्कुल ही भुला दिया। इसलिए लोगों ने वर्तमान को केवल अतीत का परिणाम मान लिया। इससे भाग्यवाद की विचारधारा का जन्म हुआ। भाग्य को बदला नहीं जा सकता, इसलिए वे वर्तमान से विमुख हो गए और भविष्य की चिंता में पड़ गए। जिसके पास कोठी, महंगी कार और विदेशों में छुट्टी मनाने के साधन हैं, वे अतीत के परिणाम हैं। जो वैभव-संपन्न नहीं हैं, वे जप-तप में इसलिए लगे हैं ताकि भविष्य में भी साधन-संपन्न बन सकें।

ऐसे में धर्म का पूरा उद्देश्य ही बदल गया। जो आत्म-केंद्रित था, वह वस्तु-केंद्रित हो गया। जो वस्तु-विमुख था, वह वस्तु-सम्मुख बन गया। इसी विचार के फलस्वरूप धर्म के नाम पर व्यापार और सौदेबाजी चलने लगी। जहां भी प्रलोभन और भय है वहां धर्म नहीं है। धर्म है आत्म उज्ज्वलता का साधन। धर्म है सोई हुई शक्तियों के पुनर्जागरण का उपादान। यह है आत्म-स्वभाव में रमण। धर्म ही है आत्म शांति और विश्व शांति का एकमात्र साधन। वर्तमान जीवन को आनंदपूर्ण बनाने का गुर। भगवान महावीर ने कहा है- आत्मा ही नरक है, आत्मा में ही स्वर्ग है, आत्मा में ही बंधन है, आत्मा में ही मोक्ष है। जिसके भीतर नरक नहीं, उसके लिए बाहर कहीं भी नरक नहीं।

## विभाजन की ओर बढ़ता पाकिस्तान?

सुरेश हिंदुस्तानी

पाकिस्तान की ओर से भारत के पहलगांव में हुए आतंकी हमले के बाद आखिरकार युद्ध विराम हो गया है, लेकिन इस युद्ध विराम के बाद फिर से सवाल उठने लगे हैं कि क्या आतंक को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान पर विश्वास किया जा सकता है। यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है, क्योंकि पूर्व में ऐसा कहने के बाद भी हर बार पाकिस्तान की ओर से कश्मीर में आतंकी घटनाएं की जाती रही हैं। पहलगांव की घटना में आतंकवादियों ने निर्दोष 26 हिन्दु पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद भारत की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान पस्त हो गया। पाकिस्तान सरकार की ओर से युद्ध विराम के बारे में कहा गया कि इस समय पाकिस्तान को बचाने की जरूरत है।

इस कथन का बहुत ही स्पष्ट आशय यह भी निकाला जा सकता है कि अगर युद्ध जारी रहता तो पाकिस्तान नाम का देश इस धरती पर नहीं रहता। इसलिए पाकिस्तान ने अपने देश को बचाने के लिए ही यह रास्ता चुना। अमेरिका ने इस मामले में दखल देते हुए दोनों देशों के बीच सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत की ओर से हमेशा यही कहा गया कि भारत आतंकवाद को समाप्त करने के लिए अपना अभियान चला रहा है। इस मामले में विश्व के अधिकांश देश भारत के साथ खड़े होते दिखाई दिए, वहीं पाकिस्तान अकेला हो गया था। इससे पाकिस्तान निराश हो गया। इसके अलावा एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी माना जा सकता है कि पाकिस्तान के ऊपर ग्रे सूची में आने का खतरा बढ़ता जा रहा था। एफएटीएफ की ओर से पाकिस्तान का ऐसी चेतावनी भी दे दी गई थी। अगर पाकिस्तान ग्रे सूची में आता तो उस पर कई प्रकार के प्रतिबंध लग सकते थे, जो पाकिस्तान के हित में नहीं होते।

युद्ध विराम का एक बड़ा यह भी हो सकता है, क्योंकि आर्थिक रूप से बदहाल हो चुके पाकिस्तान को अब कर्ज भी मिल सकता है। जिसकी उसे बहुत आवश्यकता है। अब पाकिस्तान, भारत की जवाबी कार्यवाही से बच गया। लेकिन पाकिस्तान के अंदर ही अंदर जो लावा सुलग रहा है। पाकिस्तान की सरकार को उससे बचने का कोई रास्ता दिखाई नहीं दे रहा है।

## सत्य वचन

साहित्यकार एक दीपक के समान है जो जलकर केवल दूसरों को ही प्रकाश देता है।।

- अज्ञात

## हमें जो शिक्षा चाहिए

महान से महान ज्ञान और बड़ी से बड़ी संपदा जो किसी मनुष्य के पास हो सकती है, वह भारत को विरासत में मिली है; उसके पास तो वह है, जिसके लिए मानव जाति प्रतीक्षा कर रही है।... ऐसी संपूर्ण आत्मा, जो अतीत के उत्तराधिकार से, वर्तमान के विस्तृत होते लाभों से और भविष्य की विशाल संभावनाओं से संपन्न हो, केवल एक राष्ट्रीय शिक्षा की व्यवस्था से ही आ सकती है। वह व्यवस्था वर्तमान विश्वविद्यालयों के तंत्र के किसी विस्तार अथवा नकल से नहीं आ सकती, जिसके सिद्धांत बुनियादी रूप से मिथ्या हैं, प्रणालियां भ्रष्ट और मशीन की तरह हैं।

उनकी परंपरा निष्क्रिय और नेमी है, और आत्मा संकीर्ण व दृष्टिहीन। उसे केवल एक नई चेतना और एक ऐसी नई संस्था ही सृजित कर सकती है, जिसका जन्म राष्ट्र के हृदय से हुआ हो और जो पुनरुज्जीवन के प्रकाश और आशा से भरपूर हो। नई शिक्षा ऐसी जीवन वृत्तियों को खोल देगी, जो एक साथ ही सम्मान और संपन्नता, प्रतिष्ठा और धन-वैभव के साधन होंगी तथा देश की सेवा के मार्ग भी। क्योंकि जो लोग उसकी संस्थाओं से हर प्रकार से लैस होकर बाहर निकलेंगे, वे ऐसे लोग होंगे, जो देश के आर्थिक जीवन और प्रयास को प्रोत्साहन देंगे। इसके बिना हमारा देश संसार के दबाव में जीवित नहीं रह सकता, अपनी उचित स्थिति प्राप्त करना तो दूर रहा। हमारे व्यक्तिगत स्वार्थ व राष्ट्रीय स्वार्थ एक ही हैं और एक ही दिशा की मांग करते हैं। व्यक्तिगत रूप से सदैव लीक पीटने के आदी होने के कारण हम सब एक महान और प्रभावकारी मार्ग की अपेक्षा किसी सुरक्षित व नियत किए हुए रास्ते को पसंद करते हैं, उसी पर चलना चाहते हैं, चाहे वह रास्ता हमें कहीं न पहुंचाए।

## चिंतन-मंथन

### वैज्ञानिक बनने की चाह

किसी समय लंदन की एक बस्ती में एक अनाथ बालक रहता था। वह अखबार बेचकर किसी तरह अपना गुजारा करता था। कुछ समय बाद उसे एक जिल्दसाज की दुकान पर जिल्द चढ़ाने का काम मिल गया। उस बालक को पढ़ने का बहुत शौक था। वह पुस्तकों पर जिल्द चढ़ाते समय महत्वपूर्ण बातें व जानकारियां पढ़ता रहता था। एक दिन जिल्द चढ़ाते समय उसकी नजर एक विद्युत संबंधी लेख पर पड़ी।

वह लेख उसे बहुत ही मनोरंजक लगा। उसने दुकान के मालिक से एक दिन के लिए वह पुस्तक मांग ली और रात भर में उस लेख के साथ ही पूरी पुस्तक भी पढ़ डाली। पुस्तक का उसके ऊपर गहरा असर पड़ा। इससे उसकी प्रयोग करने में जिज्ञासा बढ़ती गई और धीरे-धीरे वह अध्ययन एवं परीक्षण के लिए विद्युत संबंधी छोटी-मोटी चीजें इधर-उधर से जुटाने लगा। बालक की इस बारे में रुचि देखकर एक ग्राहक उससे बहुत प्रभावित हुआ। वह खुद भी विज्ञान में गहरी दिलचस्पी रखता था। एक दिन वह बालक को अपने साथ भौतिकशाप के प्रसिद्ध विद्वान डेवी का भाषण सुनाने ले गया। बालक ने डेवी की बातें ध्यान से सुनीं और उन्हें नोट भी किया। इसके बाद बालक ने उनके भाषण की समीक्षा करते हुए अपने कुछ परामर्श लिखकर डेवी के पास भेज दिए।

## थोड़ी सतर्कता और उच्च रक्तचाप को चुनौती

ऋतुपर्ण दवे

समय से पहले दुनिया भर में हो रही मौतों की वजहों में सबसे ज्यादा उच्च रक्तचाप यानी हाई ब्लड प्रेशर भी है। चिकित्सकीय भाषा में यह हाइपरटेंशन है। बदलता आम जनजीवन, दिनचर्या, भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी में यह कब घर कर जाता है, अमूमन पता नहीं चलता। आज यह वो वैश्विक रोग बन गया है जिसके अधिकतर प्रभावितों को बड़ा खामियाजा भुगतने के बाद समझ आता है। दबे पांव शरीर को घेरते इस रोग को साइलेंट किलर भी कहते हैं। विडंबना देखिए कि हर हाथों में वाट्स ऐप यूनिवर्सिटी का ज्ञान बघारते, नुस्खा बताते स्क्रीन पर घण्टों समय बिताने के बावजूद हर साल विश्व में लगभग 7.5 मिलियन लोग जान गंवा देते हैं।


आहिस्ता-आहिस्ता मौत की दस्तक देता उच्च रक्त चाप आसानी से समझा जा सकता है। शरीर को संकेत मिलने लगते हैं। लेकिन समझ कर नजर अंदाज करना इतना भारी पड़ता है कि प्राय: लोग, जान देकर कीमत चुकाते हैं। त्वरित सूचना के दौर में भी जागरूकता और अनभिज्ञता की ऐसी चूक मौत का आंकड़ा बढ़ाती है। कह सकते हैं कि अब यह, महामारी की शक्ल अख्तियार करता जा रहा है। एकाएक हार्ट अटैक या सड़क चलते, वाहन चलाते आई मौतों की चिंताजनक घटनाओं में उच्च रक्तचाप वजह होती है।

ऐसा नहीं कि इसे पहचानना कठिन हो। हमारे शरीर में बदलते लक्षणों जैसे सिर में भारीपन, आंखों में धुंधलका छाना, चक्कर आना भी इसके लक्षण हो सकते हैं। साधारतणतया इन्हें सामान्य समझ नजर अंदाज कर देते हैं और ऐसे परिवर्तनों के आदी हो जाते हैं। जाने-अनजाने उक्त रक्तचाप के साथ जीने लग जाते हैं। यही बाद में एकाएक बड़ी मुसीबत को न्यौता देता है और प्राय: नतीजा मौत तक में बदल जाता है।

ऐसा भा नहीं कि बढ़े रक्तचाप पर हर बार चिकित्सक के पास जाना पड़े। नियमित निगरानी, थोड़े अहतियात, जरा सी सतर्कता और जिव्हा पर नियंत्रण से काफी इसके दुष्प्रभावों को रोका जा सकता है। लक्षण की सामान्यत: सटीक जानकारी मिल ही जाती है। स्वचलित माप मशीन से रक्तचाप का एक चार्ट बना, इसकी प्रवृत्ति समझ, रोका जा सकता है। रक्तचाप किस वक्त कितना बढ़ता है, किन कारणों से बढ़ता है जैसी बातें आसानी से समझी जा सकती हैं। बस इन्हें समझने, नियंत्रित करने या प्रभावित करने वाले तौर-तरीकों में सुधार कर उच्च रक्तचाप पर काबू संभव है।

अनियंत्रित, अब तो फास्ट फूड जैसा चटखारे वालो खान-पान भी उक्त रक्तचाप के कारण हैं। सब जानते हैं कि ज्यादा नमक रक्तचाप बढ़ा, शरीर के लिए जहर होता है। फिर भी परहेज नहीं करते! ज्यादा नमक रक्त संचार प्रणाली में वो रासायनिक अभिक्रियाएं करता है जिससे रक्तचाप बढ़ाता है। ज्यादा मात्रा से रासायनिक तत्व की अधिकता रक्त और दूसरे अंगों को घातक नुकसान पहुंचाते हैं। मस्तिष्क, गुर्दा, धमनियां और रक्त शिराएं यहां तक हृदय की धड़कन भी प्रभावित होती है। ऐसी अनियमितताएं या अनदेखी जानते-समझते हुए बड़ी जोखिम बन जानलेवा बन जाती है।

## राशिफल



**शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि पंचमी, शनिवासरे, पू.षा. नक्षत्रे, शुभ योग, कौलव करणे, धनु की चंद्रमा, उग्र कर्म, तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।**

| | |
|---|---|
| मेष- | दैनिक व्यवसाय गति में सुधार तथा योजनाएं फलीभूत होंगी। |
| वृष- | दैनिक कार्यक्षमता में वृद्धि, सफलता एवं प्रभुत्व के योग अवश्य ही बनेंगे। |
| मिथुन- | आर्थिक योजना पूर्ण होवे, कार्य क्षमता में वृद्धि, इष्ट मित्रों से सुख सहयोग मिले। |
| कर्क- | व्यवसाय अनुकूल, चिन्ताएं कम होंगी, इष्ट मित्र सुख वर्धक होंगे। |
| सिंह- | धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा तथा कार्यवृत्ति में सुधार होगा। |
| कन्या- | कुछ समस्याएं सुलझें-कुछ पैदा होंगी, कार्य वृत्ति में सुधार अवश्य होगा। |
| तुला- | कार्य व्यवसाय क्षमता कुछ अनुकूल हो, आशाओं में सफलता से कार्य बनेंगे। |
| वृश्चिक- | धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, बिगड़े कार्य अवश्य बनेंगे। |
| धनु- | प्रत्येक कार्य में विलम्ब संम्भव, धन का लाभ, आशानुकूल सफलता मिलेगी। |
| मकर- | आरोप-प्रत्यारोप, क्लेश सम्भव, धन लाभ, आशानुकूल सफलता के साधन प्राप्त हों। |
| कुंभ- | सफलता के साधन जुटायें, समय आराम से बीतेगा, ध्यान रखें। |
| मीन- | किसी तनाव-क्लेश से बचिये, मन में अशांति व क्लेश अवश्य होगी। |

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर सख्ती : 2 पोकलेन, 7 डंपर और 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश पर नर्मदापुरम जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है। खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई में अब तक बड़ी मात्रा में मशीनें और वाहन जप्त किए गए हैं। जिला खनिज अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 मई को तहसील इटारसी के ग्राम ताकू में मिट्टी के अवैध उत्खनन में प्रयुक्त एक पोकलेन मशीन पकड़ी गई, जबकि ग्राम करखाजमाई में मुरूम खनिज के अवैध उत्खनन में दूसरी पोकलेन मशीन जब्त की गई। दोनों मशीनों को संबंधित पुलिस थानों केसला और पथरौटा की अभिरक्षा में रखा गया है। कार्रवाई के दौरान एसडीएम इटारसी टी. प्रतीक राव, नायब तहसीलदार प्रियंका भलावी, खनिज निरीक्षक पिंकी चौहान, प्रभारी खनिज निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते, खनिज सिपाही हेमंत राज तथा होमगार्ड बल की मौजूदगी रही। इसी क्रम में खनिज विभाग ने मई माह में ग्राम धरमकुंडी से रेत के अवैध परिवहन में दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त कीं। इसके अतिरिक्त, 7 से 9 मई के बीच की गई जांच कार्रवाई में सात डंपरों को ओवरलोड परिवहन करते पकड़ा गया, साथ ही एक और ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी जप्त किया गया।

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा व विजय शाह का किया पुतला जलाया



**सिरोंज।** आज नया बस स्टैंड पर ब्लाक एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लाक अध्यक्ष सुरेश यादव और नगर अध्यक्ष इरशाद गौरी के संयुक्त नेतृत्व में भारतीय सेना का अपमान करने वाले उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा व जनजाति कल्याण मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया गया। एवं उनका विरोध जताते हुए जमकर नारेबाजी की गई। इस अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विनोद सेन, सुरेंद्र रघुवंशी, अशोक यादव, डां सुब्हान गौरी, रजत गौड़, कमलेश रघुवंशी, बिल्किस जहां, सादिक कुरैशी, जितेंद्र बघेल, सैफू गौरी, चंदू जाटव, अंकित भार्गव, सलीम गौरी, रविकांत शर्मा, गजराज सिंह राजपूत सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### नोहलेश्वर मढ़ा मंदिर पर तिरंगा रोशनी

**दमोह।** नोहलेश्वर मढ़ा मंदिर नोहटा में शनिवार की शाम को तिरंगा रोशनी से जगमगाया गया, जो भारत का पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के खिलाफ चलाया गया सिंदूर ऑपरेशन की सफलता का जश्न मनाने और हिंदुस्तानी सेना के शौर्य का प्रदर्शन करने के लिए किया गया था।

नगर के विभिन्न चौराहा से निकली तिरंगा यात्रा, जगह-जगह हुआ सम्मान

# भारतीय सेना ने जिस प्रकार का पराक्रम दिखाया है हम सभी का सीना गर्व से ऊंचा हुआ : लोधी

नगर संवाददाता, विदिशा।

भारतीय सेना पर विश्वास है, पूरा भारत सेना के साथ है, आज ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता व देश के वीर सैनिकों के सम्मान में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी, प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह लोधी, पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, विधायक उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व विधायक पी.एल तंतुवाय की उपस्थिति में स्थानीय आर्शीवाद गार्डन से तिरंगा यात्रा निकाली गई।

यह तिरंगा यात्रा घंटाघर से एवरेस्टर लॉज तिराहा से बस स्टेण्ड चौक, को-आपरेटिव बैंक चौराहा से अंबेडकर चौक होते हुये महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला पहुंची और राष्ट्रीय गान के साथ तिरंगा रैली का समापन हुआ। विधायक जयंत कुमार मलैया ने तिरंगा रैली का समापन स्थल पर स्वागत सत्कार किया।

इस अवसर पर संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा सेना के सम्मान में हम सब लोग मैदान में है। सेना ने जिस प्रकार का पराक्रम दिखाया है और पाकिस्तान को जिस प्रकार से मुंहतोड़ जबाव देने का काम किया है, कहीं न कहीं हमारा सीना गर्व से ऊंचा हुआ है और हम सभी लोग तिरंगा यात्रा निकालकर सेना के शौर्य, पराक्रम को नमन कर रहे है। आज सेना के सम्मान में दमोह के नागरिकों की भीड़ उमड़ी है, उसने सेना को सम्मान देने का काम किया है, भारतीय सेना ने जिस तरीके का पराक्रम दिखाया है और पाकिस्तानी सेना के दांत खट्टे कर दिये यह अद्भुत और अविस्मरणीय है, सेना के पराक्रम को नमन करते है, वंदन करते है।

दमोह विधायक जयंत मलैया ने कहा भारतवर्ष के जवानों की आतंकवाद के उपर जीत हुई है उसके उपलक्ष्य में सारे देश में खुशियां मनाई जा रही हैं और झंडा यात्रा निकाली गई है। आप देख रहे हैं कि दमोह जिले में भी बहुत उत्साह के साथ सारे मंत्रीगण, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि अलग-अलग समाजों के लोग मिलकर बहुत रुचि लेकर दिलचस्पी के साथ इस यात्रा में भागीदारी की है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा आज तिरंगा यात्रा में दमोह जिले के सभी जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी, महिलाएं, युवा शामिल हुए है और यह तिरंगा यात्रा सेना के शौर्य और पराक्रम को प्रदर्शित करती है, जिस तरीके से भारतीय सेना ने पाकिस्तान को जबाव दिया है, वह स्मरणीय है। बच्चे, महिला, बूढ़े सभी लोग जब भी देश और सेना को जरूरत पड़ेगी कंधा से कंधा मिलाकर खड़े रहेगें।



### पाकिस्तान के आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया

पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा जिस प्रकार से सेना ने पाकिस्तान के आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया काबिले तारीफ है। आज सभी देशवासी, प्रदेशवासी तिरंगा यात्रा निकाल रहे है, हम सेना के सम्मान में सभी लोग तिरंगा यात्रा में शामिल हुए है, पूरे देशवासियों को हमारी सेना पर गर्व है। आप सब जानते हैं ऑपरेशन सिंदूर क्यों हमारे देश की सेना ने किया क्योंकि कुछ दिन पूर्व आतंकवादियों ने पहलगाम में हमला किया था, उसके बदले में ऑपरेशन सिंदूर किया और सेना के सम्मान में आज तिरंगा यात्रा पूरी मध्यप्रदेश में ही नहीं, पूरे देश में निकाली जा रही है, क्योंकि हमारी सेना पर हमें गर्व है और उनको प्रणाम करते उनको नमन करते हैं।

### सेना के सम्मान में पूरा प्रदेश है

सिंह लोधी ने कहा आज सेना के सम्मान में पूरा मध्यप्रदेश है, मैदान में जिस प्रकार से हमारी सेना ने अपने पराक्रम और शौर्य से पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिये है, आज सेना के सम्मान में दमोह जिला के सारे युवा, समाजसेवी तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए है, मैं एक बार फिर से सेना को सैल्यूट करता हूॅ। आज जो जनसैलाब दमोह में उमड़ा है, उसको देखकर लगता है कि दमोह जिला का एक-एक व्यक्ति और प्रत्येक समाज भारत देश के लिए समर्पित है, सेना के अद्भुत कौशल को नमन करता हूॅ, जब सेना बार्डर पर पहरा देती है, तभी सभी देशवासी चैन की नींद सो पाते है।

जन अधिकार समूह ने श्रमदान कर की सफाई

# बारिश से पूर्व ग्राम छापरी के नाले की सफाई



नगर संवाददाता, विदिशा।

जन अधिकार समूह ने नेतृत्व संगम साथियों, अहिंसा के रास्ते कार्यकर्ता, सर्वोदय साथियों एवं ग्राम वासियों के साथ मिलकर ग्राम छापरी मैं नाले की सफाई में श्रमदान कर सफाई सप्ताह प्रारम्भ किया। श्रमदान कर्ताओं ने शनिवार को ग्राम के बीच बहने वाले नाले में 2 घंटे का श्रमदान कर वर्ष से पूर्व नल की सफाई की।

### श्रमदान में 25 लोगों ने सहयोग कार्य किया

ग्राम के बीच नाले में झाड़ी, घांस, होने व कचरा डालने से वर्षा काल में पानी ग्रामवासियों के घरों में भरा जाता था। श्रमदान के पश्चात सभी श्रमदान दाताओं को संविधान के रस्ते का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ग्राम छापरी में किए गए श्रमदान के संयोजक राजेश पटेल ने बताया कि श्रमदान के पश्चात ग्रामवासियों ने संवाद कर संकल्प लिया कि, ग्रामवासी प्रत्येक माह एक दिन ग्राम में श्रमदान कर स्वच्छता बनाए रखने में अपना सहयोग देंगे।

जन अधिकार समूह द्वारा कराए गए श्रमदान में संगम साथी मुकेश पंवार, भारत यात्री अजय पटेल, सर्वोदय कार्यकर्ता संजय पटेल, समूह साथी चन्दर मीणा, रामनिवास ढाका, दीपक पटेल, अंकित, ग्रामवासी ओमनरायण पटेल, पतिराम भल्लावी, धरमसिंह भल्लावी, अनार सिंह भल्लावी, विनोद भल्लावी, रामभरोस भारी, रामभरोस एक्के, नंद किशोर जाट, शुभम् जाट, महेश जाट, अनूप भल्लवी, काशीराम बरेला, रेवाराम बरेला, संतोष मालवीय ने 2 घंटे श्रमदान कर सहयोग किया।

# भाजपा मंडल सिराली की कार्यकारिणी घोषित

नगर संवाददाता, विदिशा।



भाजपा मंडल सिराली की बहुप्रतीक्षित कार्यकारिणी की घोषणा मंडल अध्यक्ष अनिल राजपूत ने जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा एवं पूर्व विधायक कुंवर संजय शाह की सहमति से की। इस नई कार्यकारिणी में पहली बार पांच महिलाओं को शामिल कर उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जिससे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त पहल मानी जा रही है।

घोषित कार्यकारिणी में सुश्री पायल कुशवाह, दुर्गा प्रसाद गौर, मोतीलाल भुसारे, श्यामलाल बुचा, सोमलाल धुर्वे एवं सुनील सावनेर को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं रामकृष्ण लखोरे और सुनील गौर को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त राम विलास कासदे, श्रीमती नेहा रितेश गुप्ता, श्रीमती रेशम नारायण काजले, कन्हैया पाराशर, चंद्रसेन कुशवाह और श्रीमती किरण धर्मेंद्र शिंदा को मंत्री बनाया गया है। वित्तीय प्रबंधन की दृष्टि से हरीश गंगराड़े को कोषाध्यक्ष एवं किशन सोनी को सहकोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कार्यालय के संचालन हेतु बबलू घावरी को कार्यालय मंत्री एवं कन्हैया लाल मालवीय को सह कार्यालय मंत्री का दायित्व सौंपा गया है।

ग्रामीणों को दिलाई शपथ, विधायक ने कहा -

# प्रत्येक बच्चा रोज स्कूल पहुंचना चाहिए

नगर संवाददाता, विदिशा।



आदर्श राष्ट्र और समाज का निर्माण शिक्षित और सभ्य समाज से होता है। इसलिए सरकार शिक्षा पर विशेष जोर दे रही है, नित्य नए नवाचारों को प्रोत्साहित कर रही है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के छोटे से गांव में हाई स्कूल की स्थापना का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना है। जिससे पिछड़ी समाज विकास की मुख्य धारा से जुड़ सके। जिससे आदर्श राष्ट्र और समाज का निर्माण हो सके। प्रत्येक बच्चे को आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूल भेजना हम सबकी प्रथम जिम्मेदारी है। जिसे ईमानदारी से निभाना हमारा मानवीय धर्म है। यह उदगार गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने आदिवासी बाहुल्य ग्राम खजूरी में नवीन हाई स्कूल भवन के भूमि पूजन के दौरान व्यक्त किए। शिक्षा सत्र 2024 - 2025 में गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी के अथक प्रयासों से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय खजूरी का उन्नयन कर नवीन हाई स्कूल किया गया था,1 वर्ष के अंदर नवीन हाई स्कूल शाला भवन का निर्माण हो रहा है। *एक करोड़ 49 लख रुपए की लागत से* बनने वाले नवीन हाई स्कूल शाला भवन का भूमि पूजन गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह रघुवंशी ने भूमि पूजा कर शिलान्यास का अनावरण किया। अतिथियों का प्राचार्य राजकुमार गौर, शिक्षक पंकज यादव, मनीष कपूर, नरेंद्र, जसवंत अहिरवार ने शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह से स्वागत किया। इसी दौरान शिक्षक पंकज यादव ने स्वागत भाषण दिया। जिसमें नवीन हाई स्कूल खजूरी को स्मार्ट व डिजिटल क्लास और फर्नीचर के लिए विधायक निधि से राशि की मांग की। जिसे विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने तत्काल स्वीकृति प्रदान की।

### बच्चों को मिलेगी शिक्षा

रघुवंशी ने बताया कि इस नवीन हाई स्कूल से लगभग एक दर्जन गांव के बच्चों को शिक्षा का लाभ मिलेगा। जिसमें खजूरी, पधार, नहारिया, साहबा, साहबा टापरा, शंकरगढ़, खोंगरा, मुड़री, देलवाड़ा, लेहदरा, बड़ाहार, लमन्या आदि ग्राम शामिल है। उल्लेखनीय है कि गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने 2010 में शासकीय प्राथमिक शाला खजूरी का उन्नयन कर माध्यमिक विद्यालय बनवाया था।

# कलश शोभायात्रा का कुशवाहा समाज ने किया स्वागत



नगर संवाददाता, विदिशा।

नगर में गुरुवार को मां नर्मदा चिंतन सप्ताह ज्ञान यज्ञ दादा गुरु के सानिध्य में प्रारंभ होने के पूर्व प्राचीन शंकर मंदिर से मां पार्वती नदी से कलश यात्रा शोभायात्रा के रूप में निकली गई। शास्त्री कॉलोनी स्थित परसराम कांप्लेक्स पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने शोभायात्रा में उपस्थित शेषनारायण मुकाती, नगर पालिका प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, प्रेम नारायण शर्मा, हरी नारायण शर्मा, अनूप जैन, रूपेश राठौर, रमेश मुकाती, तेजपाल कल्लू मुकाती, राजेंद्र जैन, मनीष डोंगरे, मुकेश नामदेव, सत्यनारायण कामरिया, मनोज ताम्रकार, आदि का भगवान श्रीराम के नाम से लिखे वस्त्र के दुपट्टा डालकर स्वागत सम्मान किया। एवं कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने दादा गुरु के कृपापात्र रथ पर विराजमान आचार्यश्री रविकान्त शास्त्री का पुष्प माला एवं शाल श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

सामुदायिक पुलिस योजना अंतर्गत सशक्तीकरण सृजन कार्यक्रम का शुभारंभ

# पुलिस अधीक्षक ने किया बच्चों से संवाद

नगर संवाददाता, विदिशा।



सामुदायिक पुलिस योजना अंतर्गत किशोर-किशोरी 18 दिवसीय सशक्तीकरण सृजन कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ शासकीय कन्या उच्चतर माध्यम विद्यालय सांची में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक रायसेन पंकज कुमार पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य एवं अतिरिक पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे की अध्यक्षता में पुलिस विभाग मध्य प्रदेश, जिला प्रशासन रायसेन एवं समर्थ संस्था के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम सांची के 60 बच्चे जो विकास की मुख्य धारा से अधिक संबंधित नहीं हैं के लिए किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर समर्थ संस्था की कार्यकारी निदेशक मंजु शर्मा द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। बच्चों के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संवाद किया गया। इस संवाद में ट्रैफिकिंग, बाल विवाह, गुड टच बेड टच, आत्मरक्षा, बालिका सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा, सड़क दुर्घटना में सहायता आदि विषयों पर रोचक तरीके से पुलिस अधीक्षक द्वारा संवाद किया गया। कार्यक्रम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यम विद्यालय की शिक्षिका श्रीमति ऊषा सराठे द्वारा बच्चों को प्रेरणा दी गई एवं नियमित भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सुश्री ऐश्वर्या मूंदड़ा, रायसेन सुश्री प्रतिभा शर्मा सहित सांची एवं रायसेन द्वके सभी पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी समर्थ संस्था के सभी सदस्य प्रतिभागियों के अभिभावक एवं आत्म रक्षा प्रशिक्षक सुश्री सोनम ठाकुर आदि उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन श्री सुमित राय द्वारा किया गया।

# एसिड अटैक के आरोपियों को 10-10 साल का कारावास, 60 हजार का लगाया जुर्माना

**27 अगस्त 2020 को आरोपियों ने फरियादी पर किया था एसिड अटैक**



नगर संवाददाता, विदिशा।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य ने जिला न्यायालय सीहोर में चल रहे एसिड अटैक के एक मामले में दो आरोपियों को 10-10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई और 60 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

एसिड अटैक के इस मामले की जानकारी देते हुए मीडिया सेल प्रभारी केदार कौरव ने बताया कि फरियादी कुलदीप बैरागी ने श्रद्धा अस्पताल भोपाल में इस संबंध में बयान देते हुए बताया था कि 27 अगस्त 2020 को रात करीब 8.30 बजे दोराहा- अहमदपुर रोड, खाईखेड़ा स्थित दीपक ठाकुर की दूध डेयरी के सामने दीपक ठाकुर ने गाली-गलौच की थी। इस दौरान फरियादी बब्लू बैरागी एवं गुरूचरण बैरागी ने गाली देने से मना किया तो दीपक ठाकुर ने दुकान से एसिड की भरी बॉटल से हमला कर दिया, जिससे फरियादी के चाचा बब्लू के सिर पर चोंट लगी तथा सीधे हाथ एवं पेट पर सीधे तरफ एसिड गिरने से जल गए। इस मामले में न्यायालय ने आरोपी दीपक ठाकुर एवं राहुल ठाकुर को धारा 326-ए सहपठित धारा 34 भादवि में 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक धारा में 5000-5000 रूपए (6 काउंट) कुल योग 60 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी अनिल कुमार बादल ने की। उन्होंने बताया कि एसिड अटैक के मामले में धारा 326-ए भादवि के तहत सीहोर जिले में यह पहला दोषसिद्धी का मामला है।

**कार्रवाई** खनिज विभाग की टीम ने अवैध खनन करतेगिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की जब्त

# खनिज विभाग कांग्रेस विधायक के दबाव में कर रहा है कार्रवाई: राजपूत

नगर संवाददाता, विदिशा।

शनिवार को सिराली में खनिज विभाग की टीम ने अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली गिट्टी से भरी हुई, एक ट्रॉली रेत से भरी हुई और एक स्थान पर रेत के स्टॉक पर कार्यवाही की। इस कार्रवाई को लेकर राजनीतिक हलकों में हड़कंप मच गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल राजपूत ने इस कार्यवाही पर सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं।



अनिल राजपूत ने कहा कि खनिज विभाग की कार्रवाई निष्पक्ष न होकर कांग्रेस विधायक अभिजीत शाह के दबाव में की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि खनिज विभाग की टीम ने एक विशेष व्यक्ति की दुकान पर तो कार्रवाई की, लेकिन उसी स्थान से कुछ ही दूरी पर एक कांग्रेस नेता द्वारा संचालित रेत के स्टॉक को नजरअंदाज कर दिया गया। राजपूत ने बताया कि उन्होंने कई बार खनिज अधिकारियों को यह जानकारी दी थी कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नदियों से अवैध रूप से रेत और बजरी का खनन हो रहा है, जिससे शासन को हर माह लाखों रुपए का राजस्व नुकसान हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

भाजपा नेता ने यह भी खुलासा किया कि हर रात दर्जनों डंपर अवैध रेत से भरकर सिराली पहुंचते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब खनिज विभाग की मिलीभगत से हो रहा है। राजपूत ने कहा कि थाना और तहसील स्तर पर प्रशासनिक तंत्र मौजूद होने के बावजूद भी यह धंधा खुलेआम जारी है। दोनों विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर अपने कर्तव्यों से बचते हैं। उन्होंने कहा कि यदि खनिज विभाग, पुलिस और राजस्व विभाग मिलकर सतत निगरानी रखें तो यह अवैध कारोबार रोका जा सकता है, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। यही कारण है कि सिराली जैसे छोटे क्षेत्र में भी रेत माफिया सक्रिय हैं और शासन की आँखों में धूल झोंककर अपनी जेबें भर रहे हैं।

राजपूत का कहना है कि सिराली तक रेट के अवैध डंपर पहुंचने में तीन थाने एक चौकी एवं जिला स्तर पर मीनिंग की टीम तथा खदान पर माईनिंग का नाका भी होता है इन सब को पार करने के बाद सिराली तक रेत का डंपर पहुंचता है सवाल यह है कि इतनी जांच के उपरांत भी अगर अवैध रेट यहां तक पहुंच रही है इससे साफ जाहिर होता है कि विभाग की मिली भगत से यह कार्य हो रहा है जिससे शासन को लाखों रुपए का राजस्व का नुकसान हो रहा है।

### खनिज विभाग का पक्ष

इस पूरे मामले पर माइनिंग इंस्पेक्टर राजेन्द्र प्रसाद कमलेश ने बताया, हमारे द्वारा एक गिट्टी से भरी ट्रॉली, एक रेत से भरी ट्रॉली एवं एक रेत के स्टॉक पर कार्रवाई की गई है। प्रकरण बनाकर हरदा कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। खनिज विभाग की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### बिजली कटौती बन रही परेशानी

**भैरूंदा।** बिजली विभाग के द्वारा की जा रही अघोषित बिजली कटौती अब उपभोक्ताओं के लिए सर दर्द बनती जा रही है भीषण गर्मी में जहां पर लगातार बढ़ रहा है सूरज आग उगल रहा है ऐसे में बिजली कटौती होने से लोग परेशान है सबसे अधिक परेशानी उन छोटे बच्चों को हो रही है जो अपने मामा नाना के यहां गर्मी की छुट्टी बिताने आए हैं कई बच्चे अपनी मम्मी से कहते सुने गए कि अब हम मामा के यहां नहीं आएंगे पिछले 2 वर्ष से भेरूंदा क्षेत्र के उपभोक्ता बिजली कटौती का दंश झेल रहे हैं कभी मेंटेनेंस के नाम पर तो कभी निर्माण कार्य को लेकर बिजली कटौती की जा रही है रविवार बिजली उपभोक्ताओं के लिए सर दर्द बनता जा रहा है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट और कायाकिंग केनोईंग के विजेता हुए सम्मानित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन के द्वारा राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट सीनियर जूनियर व सब जूनियर कायाकिंग केनोईंग प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया।

35वी राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट जूनियर व सब जूनियर चैंपियनशिप 2024-25 का आयोजन 24 से 28 अप्रेल तक भोपाल में किया गया। जिसमे छत्तीसगढ़ के खिलाडी सौरभ साहू, शिव कुमार, निकोलस , सौरभ साहू को के-4 के 200 मीटर इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त हुआ किया एवं 35वी राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट सीनियर चैंपियनशिप, टिहरी डैम उत्तराखंड 2024 में सी-1 केटेगरी में गणेश यदु को रजत पदक प्राप्त हुआ था। उनकी उपलब्धि पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बलदेव सिंह भाटिया, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन ने पैरा केनो एवं केनो सलालम की नई बोट खरीदने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के कायाकिंग केनोईंग के खिलाड़ियों को खेल उपकरण की कमी नहीं आने दी जाएगी। खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए राज्य संघ हमेशा उनकी मदद करेगा,जिससे राज्य के खिलाडी राज्य और देश का नाम रोशन कर सके। इस आयोजन में प्रशांत सिंह रघुवंशी सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन, दिव्यम अग्रवाल, रविंद्र सिंह और डॉ नवीन बाफना, सहित संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### संभागीय नेटबॉल टूर्नामेंट में 80 से अधिक खिलाड़ी हुए शामिल



**रायपुर।** संभागीय नेटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन राजधानी रायपुर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय साहू (पार्षद) थे। वहीं खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से रेड्डी सर ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

संभागीय टूर्नामेंट में रायपुर सहित विभिन्न जिलों से 80 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में सीनियर खिलाड़ी अमन भोई, सुनील देशलहरे, आर्यन साहू, सजल भोई एवं राज साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किये। प्रदर्शन के आधार पर रायपुर संभाग की टीम का चयन किया गया, जो आगामी राज्य स्तरीय नेटबॉल टूर्नामेंट में जांजगीर-चांपा में भाग लेगी। कार्यक्रम के विशेष अवसर पर ग्रीष्मकालीन 21 दिवसीय निःशुल्क समर कैंप का शुभारंभ भी किया गया, जिसमें जिले के युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम का सफल आयोजन अनुप यदु जिला सचिव के निर्देशन में किया गया।

### छत्तीसगढ़ के 150 खिलाड़ियों के बीच शह और मात का खेल



बेमेतरा। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज द्वारा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के सहयोग से 15 से 19 मई तक बेमेतरा में छत्तीसगढ़ स्टेट मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप का शुभारम्भ कलेक्टर रणवीर शर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सीईओ विनीत राजोरिया ने की और प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

उक्त चैंपियनशिप में अंडर 7,9, एवं अंडर 11 के दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा। यह सभी चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। चैंपियनशिप में उच्च स्तरीय सुविधाये खिलाड़ियों को प्रदान की जा रही है। 15 एवं 16 मई को अंडर 7, 9, 11 आयु वर्ग में आयोजित स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के कुल 150 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है जिसमें रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बीजापुर, कोंडागांव, बेमेतरा, बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा, कोरिया, मुंगेली, जांजगीर चांपा, कांकेर, महासमुंद, बलौदा बाजार जिले के खिलाड़ी शामिल है।

खिलाड़ियों के बीच अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार स्विस लीग पद्धति से सात चक्रों में मैच खेला जाएगा। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक फ़िडे आर्बिटर रॉकी देवांगन है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ की ओर से मुख्य अतिथि जिलाधीश रणवीर शर्मा को स्मृति चिन्ह भी भेट किया गया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के सदस्य तुलसी सोनी एवं आभार प्रदर्शन प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव ईश्वर सिंह राजपूत ने किया।

संतुलित आहार के साथ विशेषज्ञ की सलाह पर लें सप्लीमेंट

# फिश ऑयल से विटामिन डी सप्लीमेंट तक सब आपकी सेहत के लिए, लेकिन अधिक सेवन हो सकता है खतरनाक

बैलेंस डाइट या खाने से विटामिन, मिनरल की कमी पूरी नहीं हो पाती तो सप्लीमेंट का सेवन किया जाता है। फिटनेस इंडस्ट्री में कई तरह के हेल्थ सप्लीमेंट आ रहे हैं। इनका प्रयोग दिन-पर-दिन बढ़ रहा है। जब सप्लीमेंट की बात आती है, तो उनके बेनिफिट/स्वास्थ्य लाभ पर इतना प्रचार होता है कि कोई उनके साइड इफेक्ट की बात ही नहीं करता। उदाहरण के तौर पर बात करें तो आपने हमेशा व्हे प्रोटीन के फायदों के बारे में सुना होगा। लेकिन क्या आपने अधिक व्हे प्रोटीन लेने के साइड इफेक्ट के बारे में सुना है? शायद नहीं, या फिर 1-2 बार। लेकिन उस पर भी विश्वास नहीं किया होगा। लेकिन यह सही है कि किसी भी चीज का अधिक सेवन करने से उसके नुकसान भी होते हैं। उसी तरह वेटलॉस सप्लीमेंट हो या पुरुषों के लिए हर्बल सप्लीमेंट हो, हर हेल्थ सप्लीमेंट का जरूरत से ज्यादा सेवन किया जाता है तो इसके साइड इफेक्ट भी होते हैं।

यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) किसी भी सप्लीमेंट की सेफ्टी और इफेक्टिवनेस के लिए उसकी सर्विंग के लिए जिम्मेदार नहीं होती है। इसके लिए मेकिंग कंपनी ही जिम्मेदार होती है कि उसका सप्लीमेंट पूरी तरह सही हो।




### विटामिन डी

ह्यूमन बॉडी में 13 एसेंशियल विटामिन होते हैं, जिनमें विटामिन डी भी एक है। अक्सर जो लोग डेस्क जॉब करते हैं उनमें विटामिन-डी की कमी रहती है क्योंकि वे धूप में कम निकल पाते हैं। आपको यह जानकारी तो होगी ही कि विटामिन डी का मुख्य सोर्स सूर्य की रोशनी यानी धूप है।

विटामिन डी सप्लीमेंट दो रूपों में उपलब्ध होता है, विटामिन डी 2 (एर्गोकैल्सिफेरोल या प्री-विटामिन डी) और विटामिन डी 3 (कॉलेकैल्सिफेरॉल)।



विटामिन डी2 पौधों एवं कवक में पाया जाता है। वहीं विटामिन डी3 मनुष्यों और जानवरों में उत्पन्न होता है। हमारी बॉडी को भी विटामिन डी 3 की जरूरत होती है।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के मुताबिक जो लोग हल्की धूप में रहते हैं, उन्हें 400 आईयू प्रतिदिनविटामिन डी की आवश्यकता होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक 600 से 800 आईयू के बीच विटामिन डी की मात्रा लेनी चाहिए। अगर आप बिल्कुल धूप में नहीं निकलते हैं तो यह मात्रा 1,000 IU तक पहुंच सकती है। हावर्ड यूनिवर्सिटी के मुताबिक 19 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वयस्कों के लिए रोजाना रिकमेंडेड मात्रा पुरुषों और महिलाओं के लिए प्रतिदिन 600 आईयू है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए रोजाना 800 आईयू विटामिन डी लेना बताया गया है। क्लीवलैंड क्लिनिक के मुताबिक, विटामिन डी की अधिक खुराक लेना भी सही नहीं है। स्वस्थ लोगों में 100 नैनोग्राम प्रति मिलीलीटर (एनजी / एमएल) से अधिक विटामिन डी ब्लड लेवल अधिक कैल्शियम अब्जॉर्ब करने लगता है, जिससे मांसपेशियों में दर्द, मूड डिसऑर्डर, पेट दर्द, हड्डी कमजोर और किडनी स्टोन जैसी समस्याएं भी होने लगती हैं। साथ ही यह दिल का दौरा और स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ा सकती है। विटामिन डी की मात्रा बनाए रखने के लिए दैनिक आहार में सैल्मन मछली, टूना मछली, दूध, मशरूम और फोर्टिफाइड अनाज शामिल करें। 10-15 मिनट कम धूप में भी रह सकते हैं।

### फिश ऑयल सप्लीमेंट

ओमेगा -3 फैटी एसिड से भरपूर, मछली के तेल / फिश ऑयल को हार्ट डिजीज कम करने के लिए जाना जाता है। हालांकि, द न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में 3 जनवरी, 2019 को पब्लिश हुई स्टडी के मुताबिक ओमेगा-3 फैटी एसिड की खुराक ने मध्यम आयु वर्ग, वृद्ध पुरुषों और महिलाओं में दिल के दौरे, स्ट्रोक या हार्ट डिजीज से होने वाली मौतों को कम करने में बिल्कुल योगदान नहीं दिया था।

# दिल और दिमाग दोनों की सेहत को स्वस्थ रखना है तो करें ये तीन काम



क्या आप जानते हैं कि आपके मस्तिष्क और हृदय का स्वास्थ्य आपस में जुड़ा हुआ है? या यूं कहें कि एक दूसरे पर निर्भर है। यानी अगर दिल या दिमाग में से कोई भी अस्वस्थ है तो इसका दुष्प्रभाव दूसरे अंग पर देखा जा सकता है। शोधकर्ताओं ने भी अध्ययन में पाया कि जिन लोगों का दिमाग स्वस्थ होता है उनमें हार्ट की समस्याओं के विकसित होने का खतरा कम होता है, वहीं जिन लोगों का हृदय स्वस्थ होता है उनमें डिमेंशिया-अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारी गड़बड़ दिनचर्या और खान-पान की समस्या के कारण इन दोनों अंगों पर कई प्रकार से नकारात्मक प्रभाव देखा जा रहा है। सेंडेंटरी लाइफस्टाइल, जंक-फास्ट फूड्स का अधिक सेवन और व्यायाम की कमी न सिर्फ आपमें हृदय की बीमारियों का खतरा बढ़ा रही है साथ ही इसका मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। आइए दिल और दिमाग के इस कनेक्शन को समझने की कोशिश करते हैं।

### हार्ट और दिमाग का कनेक्शन



अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि आप अपने हृदय को स्वस्थ रखकर, स्ट्रोक और डिमेंशिया जैसी मस्तिष्क संबंधी समस्याओं के जोखिम को भी कम करते हैं। असल में हामारा हृदय, वाहिकाओं के माध्यम से मस्तिष्क सहित शरीर के हर हिस्से में रक्त पंप करता है। रक्त वाहिकाओं के क्षतिग्रस्त होने से हृदय रोग, स्ट्रोक और डिमेंशिया जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। फिनलैंड के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि वयस्कावस्था में जिन लोगों ने अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए प्रयास किए उनमें आगे चलकर न्यूरोलॉजिकल बीमारियों जैसे अल्जाइमर और डिमेंशिया के विकसित होने का खतरा 40 फीसदी तक कम पाया गया। आइए जानते हैं कि इन दोनों अंगों को स्वस्थ रखने के लिए क्या प्रयास किए जा सकते हैं?

### आहार का ध्यान रखना सबसे जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, भोजन को स्वस्थ रखकर और दिल और दिमाग दोनों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के खतरे को कम कर सकते हैं। आहार में साबुत अनाज, नट्स, मौसमी फल और सब्जियां, दालें, ओमेगा-3 फैटी एसिड वाली चीजों का नियमित रूप से सेवन करना आपकी रक्त वाहिकाओं को स्वस्थ रखने और मस्तिष्क में होने वाली दिक्कतों को कम करने में लाभकारी हो सकती है। आहार को स्वस्थ रखकर आप दिल की बीमारियों के खतरे को 40 फीसदी तक कम कर सकते हैं।

### नियमित व्यायाम बहुत जरूरी

नियमित व्यायाम संपूर्ण शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इससे हृदय और दिमाग में रक्त का प्रवाह बढ़ाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को प्रतिदिन कम से कम 150 मिनट का व्यायाम करने की सलाह देते हैं। व्यायाम करने से सेंडेंटरी लाइफस्टाइल के कारण शरीर को होने वाली समस्याओं के जोखिमों को भी कम किया जा सकता है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि जो लोग नियमित रूप से व्यायाम करते हैं, उनमें हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी बीमारियों के विकसित होने का खतरा कम हो सकता है।



# फेंगशुई में बुरी नज़र से बचाती है ईविलआई



फेंगशुई ईविल आई नकारात्मक ऊर्जाओं के खिलाफ एक बहुत मजबूत, पारंपरिक फेंगशुई रक्षात्मक उपकरण है। गोल घेरे के आकार में आंसू-बूंद के साथ एक इंद्रधनुषी नीला कांच का क्रिस्टल एक आंख जैसा पैटर्न बनाता है जो एक पारंपरिक फेंगशुई ईविल आई प्रोटेक्शन है. गोल रूप और नीला रंग विश्वास को दर्शाता है, जबकि मध्य में प्रतिनिधित्व, चाहे रंगीन या कांस्य में ढाला गया हो, एक पवित्रता, और सतर्कता को दर्शाता है। इसका उपयोग व्यक्तिगत सुरक्षा, शिशुओं, पौधों और जानवरों, घर के बाहर या भीतर नकारात्मक ऊर्जा को दबाने के लिए किया जा सकता है। फेंग शुई ईविल आई न केवल नीले रंगों का एक आश्चर्यजनक संयोजन है जो ग्रीस में नीले और सफेद ऐतिहासिक संरचनाओं की प्राकृतिक सुंदरता में योगदान देता है, बल्कि यह ईविल आई प्रोटेक्शन के लिए एक फेंग शुई ताबीज भी माना गया है। ईविल आई का इस्तेमाल लोगों को बुरी नजर से बचाने के लिए किया जाता है। किंवदंती के अनुसार, यदि किसी को विरोधी या शत्रु द्वारा बुरी नजर दी जाती है, तो यह घातक हो सकता है या बड़ी परेशानी और दुख का कारण बन सकता है।

### घर के लिए ईविल आई प्रोटेक्शन


आप अपने घर की दीवारों को चमकीले पीले रंग से रंग कर खुद को और अपने घर को बुरी नजर से बचा सकते हैं, जो हानिकारक ऊर्जा को खत्म कर देता है। गहरे रंगों से बचना चाहिए।

### ईविल आई का उपयोग कैसे करें

आपके लिए एक बुरी नजर सुरक्षा घर होने के लिए, आपको नियमित रूप से आंतरिक स्थानों को साफ और अव्यवस्था मुक्त रखना चाहिए। जितना संभव हो उतना व्यवस्थित करें ताकि कमरे साफ-सुथरे और व्यवस्थित दिखें और आप महत्वपूर्ण वस्तुओं को जल्दी से ढूंढ सकें। इस तरह, आपके परिवार के सदस्य और यहां तक कि आपके पालतू जानवर भी स्वस्थ रहेंगे ।

# कांसे के बर्तनों का करना चाहिए इस्तेमाल, इसके फायदे ही फायदे

कांसे का इस्तेमाल भरतीय घरों में सदियों से होता आया है। ये अंग्रेजी में बेल मेटल कहा जाता है और पीतल का एक मॉडिफाइड पॉर्म होता है। इसमें थोड़ा सा तांबा और टिन भी मिला होता है। कांसा एक ऐसा मेटल है जो बहुत ही आसानी से मिल जाता है, लेकिन इसकी लोकप्रियता इस बात से नहीं है कि ये आसानी से मिल जाता है बल्कि इस बात से है कि कांसा हमारे शरीर के लिए कितना महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।



आयुर्वेदिक डॉक्टर दीक्षा भावसार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कांसे से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी शेयर की है और ये भी बताया है कि आखिर क्यों कांसा बहुत ही उपयोगी साबित हो सकता है। कांसे के बर्तन में पानी पीने से लेकर कांसे की थाली में खाना खाने तक क्यों ये सही हो सकता है। तो चलिए जानते हैं कि क्यों कांसा बहुत ही अच्छा साबित होगा। तो चलिए जानते हैं कांसे के फायदे... कैसे कांसा हो सकता है बेस्ट।

### कांसे के इस्तेमाल से तेज़ होता है दिमाग-

आयुर्वेद में 'कांस्यम बुद्धीवर्धकम' कहा जाता है जिसका मतलब कै कि कांसे के इस्तेमाल से दिमाग तेज़ होता है। ऐसा माना जाता है कि कांसे का इस्तेमाल अगर खाने और पानी पीने के लिए रोज़ाना किया जाए तो ये हमारी इम्यूनिटी भी ठीक करता है क्योंकि कांसे से खाना प्यूरिफाई होता है।

### कांसे से गर्म रहता है खाना-

कांसे के बर्तन लंबे समय तक गर्म रह सकते हैं। मेटल की प्रॉपर्टीज की बात करें तो ये हीट का अच्छा कंडक्टर है और इससे बहुत लंबे समय तक हीट रिटेन की जा सकती है। इससे खाना गर्म होता है और लंबे समय तक ये बर्तन खाने को एक जैसे तापमान पर बनाए रख सकता है।

### कांसा के बर्तन खत्म करते हैं जर्म्स-

डॉक्टर दीक्षा के मुताबिक कांसा के बर्तनों में जर्मिसाइडल खूबियां होती हैं जो कांसे के प्रकार पर निर्भर करती हैं। ये खाने से संपर्क में आते ही कुछ मिनटों से लेकर कुछ घंटों तक में ये खाने के बैक्टीरिया को मार सकता है। आयुर्वेद के मुताबिक कांसे से पॉजिटिव चार्ज पानी में जाता है। अगर आपने 8 घंटे तक कांसे के बर्तन में पानी रखा है और उसे पी रहे हैं तो इससे हमारे शरीर के कई दोष खत्म होते हैं।

कार्नर न्यूज

'रोजाना दूध पिया करो', जैसी बातें अब सब पर लागू नहीं होती

# डेयरी प्रोडक्ट से एलर्जी को इन संकेतों से पहचानिए खानपान को संतुलित बनाएंगे तो रहेंगे सेहतमंद


कई लोग अपने डेली रूटीन में डेयरी प्रोडक्ट दूध,दही,पनीर,चीज आदि का यूज करते हैं, लेकिन कई लोग ऐसे भी हैं, जो डेयरी प्रोडक्ट्स का यूज तो करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें उससे एलर्जी हो जाती है, जिस कारण वो उसका सेवन नहीं कर पाते।

एलर्जी होने पर कई लोगों को तो पता चल जाता है, जिस कारण वे उनका सेवन बंद कर देते हैं, लेकिन कई लोग ऐसे भी हैं जो इनकी एलर्जी को नहीं समझ पाते और उसका सेवन करते रहते हैं।

फिर आखिर में उन्हें कोई गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है। इसलिए जरूरत है कुछ ऐसे संकेतों के बारे में जानने की जिससे पता चल सके कि आपको डेयरी प्रोडक्ट्स से एलर्जी तो नहीं।

याद रखें, एलर्जी कोई इनटोलरेंस वाली चीज नहीं है। इससे आपका इम्युन सिस्टम भी कमजोर हो सकता है। एलर्जी में शरीर उन सब्सटेंस पर रिएक्शन देता है जो अधिकांश लोगों में समस्या का कारण नहीं बनते, लेकिन उन पर ध्यान देना जरूरी है।

यदि आप नहीं जान पा रहे हैं कि क्या आपको डेयरी प्रोडक्ट सूट करते हैं या नहीं, तो इन संकेतों को पढ़कर आप जान सकते हैं। यदि इनमें से कुछ भी संकेत आप फील करें तो जानने के बाद आप किसी डॉक्टर से जरूर सलाह लें। वह आपको समझने में मदद करेगा कि आपको क्या करना चाहिए।



### गले में सूजन

जब आपका इम्युन सिस्टम कमजोर हो जाता है तो उस समय हिस्टामाइन नामक एक केमिकल का प्रोडक्शन होने लगता है। फिर अन्य रसायन, जैसे कि IgE एंटीबॉडी, भी रिलीज होने लगते हैं और ये आपके पूरे शरीर में सूजन का कारण बनते हैं। अक्सर, आपका गला सबसे पहले इसे महसूस करता है। कई लोगों के लिए, एक गले में सूजन खाने से संबंधित एलर्जी से भी होती है। यदि डेयरी का सेवन करने के बाद ऐसा होता है, तो जितनी जल्दी हो सके एलर्जी की दवा लें।

### खराश और खांसी

गले में खराश और गला ड्राय होना, जिसके कारण खांसी हो सकती है। हो सकता है इस कारण आपको सांस लेने में भी मुश्किल हो।

यदि आप भी ऐसा ही कुछ डेयरी प्रोडक्ट खाने के बाद अक्सर फील करते हैं, तो आपको तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।


### लाल निशान/दाने

जब एलर्जी की प्रतिक्रिया की बात आती है, तो कुछ लोगों की स्किन में दाने पड़ने लगते हैं। इन गुलाबी निशान या दानों में जलन होती है और शरीर में फेस और गर्दन पर ये होने लगते हैं।

यह एक एलर्जीन की प्रतिक्रिया में सूजन पैदा करने वाले इम्युन सिस्टम का एक और रिजल्ट होते हैं। यदि डेयरी प्रोडक्ट खाने के बाद ऐसी शिकायत होती हैं, तो उस जगह को पहले तो साबुन और पानी से साफ करने का प्रयास करें या फिर एलर्जी की दवाई भी ले सकते हैं। यदि फिर भी ठीक नहीं होते तो आप इसके लिए तुरंत किसी डर्मेटोलॉजिस्ट से मिलें।

### चेहरा लाल होना

सूजन आने के कारण आपका चेहरा भी लाल हो जाता है। कभी-कभी गर्दन और छाती की स्किन भी लाल हो जाती है। यह आमतौर पर शरीर के टेम्प्रेचर बढ़ने के कारण होती है।






# सिनर और अल्काराज के बीच फाइनल मुकाबला आज

**एजेंसी ■ रोम**

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अमेरिकी टॉमी पॉल को हराकर कार्लोस अल्काराज़ के खिलाफ़ इटैलियन ओपन के फाइनल में जगह सुनिश्चित कर ली है। तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के बाद अपने पहले टूर्नामेंट में घरेलू मैदान पर खेलते हुए, सिनर ने शुक्रवार को 11वें वरीय खिलाड़ी को 1-6, 6-0, 6-3 से हरा दिया। रोम के खचाखच भरे सेंटर कोर्ट में, 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने अपराजित अभियान को 26 मैचों तक बढ़ाया। वह 1976 में एड्रियानो पनाटा के बाद टूर्नामेंट में पहले इतालवी पुरुष एकल विजेता बनने से एक जीत दूर रह गए हैं। उतार-चढ़ाव भरे मैच में, पॉल ने पहले सेट में शानदार जीत हासिल करते हुए 5-0 की बढ़त हासिल की, जिसके दौरान सिनर ने 13 अनफोर्स्ड एरर किए और केवल दो विनर बनाए लेकिन दूसरे सेट के शुरू से ही मैच पलट गया। घरेलू प्रबल दावेदार ने पॉल को पीछे छोड़ते हुए लगातार नौ गेम जीत लिए, और अमेरिकी खिलाड़ी वापसी नहीं कर सका।

### *अल्काराज़ ने लोरेंजो मुसेट्टी को हराया*

*इससे पहले शुक्रवार को, अल्काराज़ ने लोरेंजो मुसेट्टी को 6-3, 7-6 (7-4) से हराकर इटली के खिलाफ़ फ़ाइनल की उम्मीदों को तोड़ दिया था। चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज इस महीने के अंत में होने वाले फ्रेंच ओपन के लिए अच्छी स्थिति में दिख रहे हैं। मौजूदा रोलैंड गैरोस चैंपियन ने सिर्फ़ दो घंटे से ज़्यादा समय में सीधे सेटों में जीत हासिल करके सीज़न के चौथे फ़ाइनल में प्रवेश किया। मुसेट्टी के लिए, यह स्पैनियार्ड से लगातार पाँचवीं हार थी, जिसमें पिछले महीने मोंटे कार्लो फ़ाइनल में क्ले पर हुई मुक़ाबले में मिली हार भी शामिल है। 22 वर्षीय अल्काराज ने अपना धैर्य बनाए रखते हुए टाई-ब्रेक जीता और रविवार को होने वाले फाइनल के लिए रास्ता तैयार किया।*

# मैच से पहले कोहली की 18 नंबर की जर्सी खरीदने की मची होड़

**एजेंसी ■ बेंगलुरु**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच शनिवार को आईपीएल 2025 के मुकाबले से पहले प्रशंसकों के बीच विराट कोहली की प्रतिष्ठित 18 नंबर जर्सी खरीदने की होड़ मची रही। महीने की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने के बाद से कोहली का यह पहला मैच है और इस अवसर ने लीग मैच में भावनात्मक उत्साह भर दिया है। भारत और आरसीबी के इस दिग्गज खिलाड़ी के नाम वाली जर्सी पहने समर्थक शाम के मैच से कुछ घंटे पहले आधिकारिक मर्चेंडाइज काउंटरों पर कतार में खड़े देखे गए। कई प्रशंसकों ने जर्सी की खरीद को कोहली के शानदार टेस्ट करियर के लिए श्रद्धांजलि बताया, जो एक दशक से अधिक समय तक चला और जिसने उन्हें दुनिया में प्रशंसा दिलाई। स्टेडियम के अधिकारियों ने कहा कि मैच से पहले सामान की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, कोहली के टेस्ट थीम वाले गियर, विशेष रूप से भारतीय ध्वज के प्रतीक वाली सफेद जर्सी-कुछ ही घंटों में बिक गईं। कोहली ने सौ से अधिक टेस्ट खेले हैं और इस प्रारूप में लगभग 10,000 रन बनाए हैं। आज के मैच से भले ही वह छोटे प्रारूप में वापसी कर रहे हों, लेकिन बेंगलुरु का माहौल बताता है कि प्रशंसक अभी भी उनकी लाल गेंद की विरासत का जश्न मना रहे हैं।




# चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारतीय हॉकी जूनियर टीम घोषित

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

अर्जेंटीना के रोसारियो में 25 मई से दो जून के बीच खेले जाने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिये हॉकी इंडिया ने 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली भाग लेंगे। यह टूर्नामेंट दिसंबर में होने वाले एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्व कप की तैयारी में अहम भूमिका निभायेगा। भारतीय टीम प्रत्येक देश के खिलाफ दो मैच खेलेगी। भारतीय टीम का नेतृत्व गोलकीपर निधि करेंगी जबकि फॉरवर्ड हिना बानो उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगी।

चयनित टीम में दूसरे गोलकीपर के रूप में एंजिल हर्षा रानी मिंज शामिल हैं, जबकि विद्याश्री वी को स्टैंडबाय के रूप में शामिल किया गया है। रक्षात्मक इकाई में ममिता ओरम, लालथंटलुआंगी, मनीषा, पूजा साहू, पार्वती टोपनो, नंदिनी और साक्षी शुक्ला शामिल हैं। मिडफील्ड में प्रियंका यादव, अनीशा साहू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, खैदेम शिलेमा चानू, संजना होरो, सुप्रिया कुजूर और प्रियंका डोगरा होंगी, जबकि हुडा खान और मुनमुनि दास को स्टैंडबाय मिडफील्डर के रूप में सूचीबद्ध किया जाएगा। फॉरवर्ड लाइन में हिना बानो, सोनम, सुखवीर कौर, गीता यादव, लालरिनपुई, कनिका सिवाच और करमनप्रीत कौर शामिल हैं, जबकि सेलेस्टिना होरो को स्टैंडबाय फॉरवर्ड के रूप में नामित किया गया है। भारत अपने पहले मैच में 25 मई को चिली से भिड़ेगा।


# पीकेएल-12 की नीलामी से पहले खिलाड़ियों की रिटेंशन लिस्ट घोषित

**एजेंसी ■ मुंबई**

प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) ने शनिवार को सीज़न 12 के लिए 'एलीट रिटेन्ड प्लेयर्स', 'रिटेन्ड यंग प्लेयर्स' और 'न्यू यंग प्लेयर्स' की सूची जारी की।

सीज़न 12 की नीलामी 31 मई और एक जून को मुंबई में आयोजित की जाएगी। अधिकांश फ्रेंचाइज़ियों ने अपने मुख्य खिलाड़ियों को रिटेन किया है जिनमें यू मुंबा के सुनील कुमार और आमिर मोहम्मद जफरदानेश, हरियाणा स्टीलर्स के जयदीप डहिया, यूपी योद्धा के सुरेंदर गिल, और पुनेरी पलटन के असलम इनामदार व मोहित गोयत शामिल हैं।

इस बार कुल 83 खिलाड़ियों को तीन श्रेणियों में रिटेन किया गया है। नीलामी में 500 से अधिक खिलाड़ी उतरेंगे, जिनमें भारत के पवन सहरावत, अर्जुन देशवाल, आशु मलिक और पीकेएल 11 के टॉप रेडर देवांक दलाल शामिल हैं। इसके अलावा, ईरान के दिग्गज फज़ल अत्राचली और मोहम्मदरेजा शदलूई, साथ ही मनींदर सिंह और प्रदीप नरवाल जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी नीलामी में शामिल होंगे। नवीन कुमार पहली बार नीलामी में उतरेंगे। उन्होंने दबंग दिल्ली केसी के लिए 6 सीज़न में 1102 रेड पॉइंट्स बनाए हैं और 1000+ पॉइंट्स के साथ नीलामी में उतरने वाले पहले खिलाड़ी बनेंगे। नीलामी के लिए खिलाड़ियों को चार श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा और उनका एक बेस प्राइस (आधार मूल्य) भी होगा। कैटेगरी ए का बेस प्राइस 30 लाख रूपये, कैटेगरी बी के लिए 20 लाख रुपये और कैटेगरी सी के खिलाड़ी कम से कम 13 लाख रुपये में बिकेंगे। हर फ्रेंचाइज़ी के पास पांच करोड़ रुपये का कुल सैलरी पर्स होगा।




**सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप 2025**

# मालदीव को हराकर भारत फाइनल में

**एजेंसी ■ यूपिया (अरुणाचल प्रदेश)**

मौजूदा चैंपियन भारत ने यहां गोल्डन जुबली स्टेडियम में भारी बारिश के बीच मालदीव को 3-0 से हराकर सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। डैनी मेइतेई लैशराम (14%), ओमंग डोडम (21%) और प्रशान जाजो (66%) के गोलों ने खिताबी मुकाबले में भारत की आसान जीत सुनिश्चित की। भारत का सामना बांग्लादेश अंडर-19 टीम से होगा, जिसने पहले दिन हुए दूसरे सेमीफाइनल में नेपाल को 2-1 से हराया था। दूसरे मैच में, बांग्लादेश ने कड़े मुकाबले वाले सेमीफाइनल में नेपाल अंडर-19 के खिलाफ 2-1 से जीत के साथ सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की।



## रोस्टन चेस बने वेस्टइंडीज के नए टेस्ट कप्तान

**एंटीगुआ।** ऑलराउंडर रोस्टन चेस को वेस्टइंडीज टेस्ट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है जबकि जोमेल वारिकन को उपकप्तान बनाया गया है।

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह घोषणा की। वेस्टइंडीज के कप्तान की भूमिका के लिए छह उम्मीदवारों जॉन कैंपबेल, टेविन इमलाच, जोशुआ दा सिल्वा, जस्टिन ग्रीव्स, चेस और वारिकन को शॉर्टलिस्ट किया गया। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का मूल्यांकन उनके टेस्ट अनुभव, नेतृत्व गुण और पूर्व कप्तानी के आधार पर किया गया।

# रोमानिया में प्रज्ञानंद का खिताब जीतना एक निर्णायक क्षण-स्टालिन

**एजेंसी ■ चेन्नई**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शतरंज के महारथी जीएम प्रज्ञानंद को रोमानिया में सुपरबेट शतरंज क्लासिक 2025 जीतने पर बधाई दी और इसे भारतीय शतरंज में एक निर्णायक क्षण बताया। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, चेन्नई के हमारे गौरव ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद को रोमानिया में प्रतिष्ठित सुपरबेट शतरंज क्लासिक 2025 जीतने पर बधाई। उनका पहला ग्रैंड शतरंज टूर खिताब। क्लासिकल और ब्लिट्ज राउंड में उनकी प्रतिभा ने असाधारण धैर्य और सामरिक गहराई का प्रदर्शन किया उन्होंने कहा, तमिलनाडु भारतीय शतरंज में इस निर्णायक क्षण का जश्न मनाता है।



## व्यापार

**इंदौर बाजार : तिलहन में पूछपरख बनी रही : चावल, खोपरा गोला एवं हल्दी में उठाव बताया गया**

# खाद्य तेलों में नरमी, शकर एवं दाल-दलहन में तेजी

**व्यापार प्रतिनिधि ■ इंदौर**

सियागंज किराना बाजार में शकर मांग से ऊंची बिकी। खाद्य तेलों में नरमी रही। आज पाम तेल नीचा बोला गया। तिलहन में लिवाली रही। दाल-दलहन मजबूत रहे। आज दालों में मांग रही। चावल में उठाव बना बताया गया।

**किराना बाजार :** सियागंज किराना बाजार में शकर मांग से महंगी बिकी। आज शकर में चार गाड़ी की आवक हुई। खोपरा बूरा दिसावर के साथ मजबूत रहा। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव बताया गया।

**तेल-तिलहन :** खाद्य तेलों में कमी दर्ज की गई। आज पाम तेल सस्ता हुआ। तिलहन में पूछपरख के चलते मजबूती रही।

**दाल-दलहन :** संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन जिन्सों में मांग बनी रही। दाल-दलहनों में उठाव बना बताया गया। चावल में मजबूती दर्ज की गई।

**किराना :** शक्कर 4140 से 4180 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 190 से 240 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 4000 से 6000 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 180 से 270 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 4800 से 5000, पैकिंग में 5400 से 5500 रुपये प्रति क्विंटल।

**तिलहन :** सरसों निमाड़ी 6400 से 6500 सोयाबीन 4250 से 4300 रुपये प्रति क्विंटल।

**तेल :** मूंगफली तेल इंदौर 1350 से 1370, सोयाबीन रिफाइंड 1230 से 1235, साल्वेंट 1160 से 1165, पाम तेल 1275 से 1280 रुपये प्रति 10 किलो।

**दलहन :** चना कांटा 6050 से 6100, चना विशाल 5800 से 5900, मसूर 6300 से 6400, तुअर निमाड़ी 6400 से 7000, तुअर (महाराष्ट्र सफेद) 7000 से 7100, तुअर, (महाराष्ट्र लाल) 7100 से 7300, तुअर (कर्नाटक) 7200 से 7300, मूंग 7750 से 7900, मूंग हल्की 7200 से 7500, उड़द 7500 से 8000, हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

**दाल :** चना दाल 7300 से 8100, तुअर दाल सवा नंबर 9200 से 9400, तुअर दाल फूल 9700 से 9800, तुअर दाल बोल्ड 10600 से 11200, आयातित तुअर दाल 8000 से 8100, मसूर दाल 7800 से 8100, मूंग दाल 8900 से 9300, मूंग मोगर 9900 से 10000, उड़द दाल 9200 से 9600, उड़द मोगर 9900 से 10300 रुपये प्रति क्विंटल।

**चावल-पोहा :** बासमती 10500 से 11500, तिबार 9000 से 10000, दुबार 8000 से 8500, मिनी दुबार 7000 से 7500, मोगरा 4000 से 6500, बासमती सैला 6500 से 9000, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7000, दूबराज 4000 से 4500, परमल 3400 से 3500, हंसा सैला 3500 से 3700, हंसा सफेद 2900 से 3100, पोहा 4500 से 5100 रुपये प्रति क्विंटल।

**रवा-मैदा :** रवा 1700, मैदा 1650, आटा 1650, दलिया 1800, चना बेसन 4000 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।







### कपास्या खली में स्थिरता

पशु आहार कपास्या खली में स्थिरता रही। कपास्या खली इंदौर 2175, कपास्या खली देवास 2175, कपास्या खली उज्जैन 2175, कपास्या खली खंडवा 2150, कपास्या खली बुरहानपुर 2150 रुपये प्रति 60 किग्रा.। कपास्या खली अकोला 2970 रुपये प्रति क्विंटल। भाव टैक्स पेड हैं।

### रात की धारणा में मजबूती

रात की धारणा में तेल बाजार मजबूती का रुख लिए रहे। मुंबई मूंगफली तेल 1375 से 1380, मुंबई पाम तेल 1265 से 1270, मुंबई सोयाबीन रिफाइंड 1265 से 1270, राजकोट तेलिया 2160 से 2165, गुजरात मूंगफली तेल 1365 से 1370, गुजरात कपास्या तेल 1225 से 1230, मूंगफली तेल इंदौर 1350 से 1370, सोयाबीन रिफाइंड 1230 से 1235, इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 1160 से 1165, इंदौर पाम तेल 1275 से 1280 रुपये प्रति दस किलोग्राम।

## घर में वास्तु अनुसार ही लगाएं

# ड्रीम कैचर



वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में ड्रीम कैचर लगाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। ड्रीम कैचर सिर्फ सजावटी चीज नहीं है, बल्कि ड्रीम कैचर का सर्कल द सर्कल ऑफ लाइफ का संदेश देता है। जैसे, आपने जीवन जहां से शुरू किया है, एक दिन एक चक्र से गुजरते हुए आपको वापस वहीं पर लौटना है, इसलिए आपको किसी भी चीज की अवहेलना नहीं करनी चाहिए। आप भी अगर घर में ड्रीम कैचर लगाते हैं तो आपको कुछ विशेष नियमों को जान लेना चाहिए, तभी आपको ड्रीम कैचर का पूरा लाभ मिल पाएगा।

### सही दिशा में लगाएं

ड्रीम कैचर को सही दिशा में लगाना बहुत जरूरी है। आप अगर ड्रीम कैचर को कहीं भी लगा देते हैं, तो आपको ड्रीम कैचर की पूरी सकारात्मक ऊर्जा नहीं मिल पाती है। इसलिए वास्तु शास्त्र के नियमों के अनुसार आपको ड्रीम कैचर को पूर्व दिशा या फिर उत्तर-पश्चिम दिशा में लगाना चाहिए।

### दीवार पर न चिपकाएं

नियम के अनुसार ड्रीम कैचर को लटकाना अगर किचन में ड्रीम कैचर लगाते हैं, तो इससे धुआं, चिकनाई ड्रीम कैचर पर आकर लगने लग जाती हैं, जिससे ड्रीम कैचर की पॉजिटिव एनर्जी पर असर पड़ता है। ड्रीम कैचर को कभी किचन में नहीं लगाना चाहिए।

### पंखे के नीचे न लगाएं

वास्तु शास्त्र के नियम के अनुसार ड्रीम कैचर का प्राकृतिक हवा से हिलना शुभ माना जाता है, लेकिन पंखे की हवा बिजली से संचालित है, इसलिए ड्रीम कैचर का पंखे की हवा में झूलते रहना ठीक नहीं है। यही कारण है कि ड्रीम कैचर को पंखे के नीचे लटकाने का कोई लाभ नहीं है।

### बंद कमरे में न लगाएं

प्राकृतिक हवा में झूलता ड्रीम कैचर आपके अंदर पॉजिटिविटी का संचार करता है, इसलिए आपको ड्रीम कैचर को खुली हवा, बालकनी आदि जगहों पर लगाना चाहिए। ड्रीम कैचर को कभी भी बंद पड़े कमरे या फिर स्टोर रूम में न लगाएं। ड्रीम कैचर हमेशा खुली जगह झूलता हुआ ही लाभ पहुंचाता है।

**बुरे सपनों से छुटकारा**-बुरे सपनों से छुटकारा पाने के लिए आप ड्रीम कैचर को बेडरूम की खिड़की के पास लगा सकते हैं। इससे आपको बुरे सपने नहीं सताएंगे।

